मौसम
अधि. 34.8
न्यून. 25.1

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,018.72 | 418.81 ▲ |
| निफ्टी | 24,722.75 | 157.42 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 98,020/- | 400/- ▲ |
| चांदी | 1,10,000/- | 500/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.70 | 52 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 68.87 बैरल 1.15% ▼

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# अंग्रेजों के जबड़े से छीना मैच : ओवल टेस्ट के 5वें दिन भारत ने रोमांचक अंदाज में 6 रन से जीत दर्ज कर रच दिया इतिहास

## सीरीज 2-2 से बराबर, सिराज ने एक घंटे में 3 विकेट चटकाकर पलटी बाजी, मैन ऑफ द मैच रहे

भाषा ▶▶| लंदन

भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक जीत दिलाई। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर जीत भारत की झोली में डाल दी। द ओवल में गुरुवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 224 और इंग्लैंड ने 247 रन बनाए। 23 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बना दिए। इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट मिला। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 300 रन बना दिए थे। तभी हैरी ब्रूक सेंचुरी लगाकर आउट हो गए। यहां से भारत ने 354 तक इंग्लैंड के 8 विकेट गिरा दिए। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन सिराज ने आखिरी विकेट लेकर भारत को करीबी जीत दिला दी। इंजर्ड क्रिस वोक्स भी लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। सीरीज का दूसरा और पांचवां टेस्ट भारत ने जीता, पहला और तीसरा टेस्ट इंग्लैंड के नाम रहा। वहीं चौथा टेस्ट ड्रॉ हुआ।



### जीत के हीरो

**मोहम्मद सिराज :** मैच में कुल 9 विकेट झटके, अंतिम दिन 3 विकेट लिए, चौथे दिन 2 और पहली पारी में 4 विकेट लिए। सीरीज में सबसे ज्यादा कुल 23 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

**प्रसिद्ध कृष्णा :** सीरीज में 8 विकेट लिए। पहली व दूसरी पारी में 4-4 विकेट लिए।

**वाशिंगटन सुंदर :** जीत में आलरांडर का अहम योगदान रहा। पहली पारी में 26 और दूसरी पारी में 53 रन बनाए।

**यशस्वी जायसवाल :** पहली पारी में 2 रन पर आउट हुए लेकिन दूसरी पारी में 118 रन बनाकर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। सीरीज में 2 शतक जड़े।

**रविन्द्र जड़ेजा :** टेस्ट के नंबर वन ऑलरांडर ने पहली पारी में 9 और दूसरी पारी में 53 रन बनाकर भारत को मजबूती प्रदान की।

**शुभमन गिल :** कप्तान शुभमन गिल ने सीरीज में 754 रन बनाए और वे प्लेयर ऑफ दी सीरीज भी रहे।

*(संबंधित खेल पेज पर)*






### खबर संक्षेप

#### बिहार: गड्ढे में वाहन गिरने से पांच कांवड़ियों की मौत

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में एक वाहन के सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने से पांच कांवड़ियों की मौत हो गई। अनुमंडलाधिकारी (सदर) विकास कुमार ने बताया कि 'ऐसा प्रतीत होता है कि बारिश के बावजूद वाहन की गति तेज थी व चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। भाषा

#### श्रमिक संगठन, किसान मोर्चा का प्रदर्शन 13 को

**नई दिल्ली।** दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने 13 अगस्त को अमेरिकी शुल्क और भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। संयुक्त बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस के साथ तेल व्यापार को लेकर जुर्माना लगाने की धमकियों की कड़ी निंदा की गई है। भाषा

#### अमरनाथ : गुफा मंदिर को 'छड़ी मुबारक' यात्रा शुरू

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा का अंतिम चरण सोमवार को शुरू हो गया। महंत दीपेंद्र गिरि ने भगवान शिव की पवित्र छड़ी छड़ी मुबारक को दशनामी अखाड़ा मंदिर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर की यात्रा के रवाना किया। छड़ी मुबारक के संरक्षक महंत गिरि ने कई साधुओं के साथ पवित्र छड़ी यात्रा निकाली। भाषा

## ट्रंप और यूरोप को भारत की दो टूक

# हमारी आलोचना करने वाले खुद रूस से व्यापार कर रहे

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए 'अनुचित और अविवेकपूर्ण' तरीके से निशाना बनाने को लेकर सोमवार को अमेरिका और यूरोपीय संघ पर जोरदार पलटवार किया। भारत ने दो टूक शब्दों में कहा, भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की आलोचना करने वाले ट्रंप और यूरोपीय देश खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। यूरोप-रूस व्यापार में न केवल ऊर्जा, बल्कि उर्वरक, खनन उत्पाद, रसायन, लोहा, इस्पात, मशीनरी और परिवहन उपकरण भी शामिल हैं।





### रूस से तेल खरीद रहा भारत, काफी शुल्क बढ़ाने जा रहा हूं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह भारत पर अमेरिकी आयात शुल्क को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है। भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। जो सात अगस्त से लागू होगा।

### नव उपनिवेशवादी नीति अपना रहे ट्रंप : रूस

रूस ने ट्रंप पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपना प्रभुत्व बनाए रखने के लिए ग्लोबल साउथ के देशों के साथ नव उपनिवेशवादी नीति अपना रहे हैं। रूसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि अमेरिका उभरती विश्व व्यवस्था में आधिपत्य की हानि को स्वीकार नहीं कर सकता। इसलिए उसने दर्जनों देशों पर टैरिफ लगाए हैं। वह प्रत्यक्ष अतिक्रमण कर रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया सकता।



# राहुल को फटकार, सच्चे भारतीय होते तो ऐसा न कहते, आपको पता कैसे चला

## कांग्रेस नेता के चीनी कब्जे वाले बयान पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा सवाल, क्या आप वहां थे

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा, 'अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे।' हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस मामले में लखनऊ की एक अदालत में गांधी के खिलाफ जारी कार्रवाई पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, 'आप विपक्ष के नेता हैं। आप संसद में बातें क्यों नहीं कहते हैं, आप सोशल मीडिया पर क्यों कहते हैं?' 'आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीनियों ने कब्जा कर ली है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है?' 'बिना किसी सबूत के आप ये बयान क्यों दे रहे हैं? अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसी बात नहीं कहेंगे।'

- ***लोकसभा में विपक्ष के नेता की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज***
- ***आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं***
- ***राहुल ने कहा था, चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमी जमीन हड़पी***
- ***सेना ने कहा, राहुल के बयान से न सिर्फ सेना बल्कि उनके परिवार के लोगों की भी भावनाएं आहत हुईं***





### राहुल ने दी थी चुनौती

राहुल ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित था। यहां की एक अदालत में दायर याचिका में शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं। इसके बाद अदालत ने गांधी को मुकदमे का सामना करने के लिए अभियुक्त के रूप में तलब किया।

### ...तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी

गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। 'अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते।' पीठ की 'सच्चे भारतीय' टिप्पणी पर सिंघवी ने कहा, 'यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है।' अदालत ने कहा, 'जब संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य बात है?'

### जिम्मेदार होने के नाते ऐसा नहीं कहें

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि विपक्ष के एक जिम्मेदार नेता होने के नाते गांधी को ऐसा नहीं कहना चाहिए था, क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह में जवाब मांगा और लखनऊ अधीनस्थ अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को गांधी की याचिका खारिज कर दी थी।

### राहुल ने देश को कमजोर करने की कसम खाई : भाजपा



भाजपा ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने "भारत को कमजोर करने और चीन को मजबूत करने" की कसम खा रखी है। राहुल को "चीन गुरु" करार देते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल लगातार "बचकानी, गैर-जिम्मेदार और भारत विरोधी टिप्पणियां" करते आए हैं, जबकि अतीत में विभिन्न अदालतों ने ऐसी टिप्पणियों के लिए उनसे नाखुशी जाहिर की है।

### हर देशभक्त चीन पर सरकार से जवाब मांग रहा : कांग्रेस



कांग्रेस ने कहा कि वर्ष 2020 की गलवान की घटना के बाद से हर देशभक्त भारतीय चीन मामले पर जवाब मांग रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार की 'डीडीएलजे' वाली नीति का मतलब 'डिनायल (इनकार करना), डिस्ट्रैक्ट (ध्यान भटकाना), लाई (झूठ बोलना) और जस्टीफाई (सही ठहराना)' है। रमेश ने यह यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 1962 के बाद से भारत को मिले सबसे बड़े क्षेत्रीय झटके के लिए ज़िम्मेदार है।

*दिल्ली के चाणक्यपुरी में वारदात*

## झपटमारों ने सांसद सुधा की सोने की चेन छीनी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के चाणक्यपुरी में झपटमारों ने सोमवार सुबह की सैर पर निकली कांग्रेस सांसद आर. सुधा की सोने की चेन छीन ली। सुधा मामूली रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। चाणक्यपुरी में कई दूतावास व राज्य सरकारों के आधिकारिक आवास स्थित हैं। तमिलनाडु के मयिलाडुतुरै से सांसद सुधा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस घटना के बारे में पत्र लिखकर कहा कि इस घटना से वह सदमे में हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यदि कोई महिला भारत की राष्ट्रीय राजधानी के इस उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से नहीं घूम सकती, तो वह और कहां सुरक्षित महसूस कर सकती है?



*उत्तराखंड हाईकोर्ट का फैसला*

## वैक्सीन वैज्ञानिक डॉ. यादव की सजा पर रोक

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वैक्सीन वैज्ञानिक डॉ. आकाश यादव की सजा और दोष पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सोमवार को कहा कि डॉ. यादव का काम वैक्सीन विकास से जुड़ा है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य व देशहित के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. यादव की पत्नी ने 2015 में आत्महत्या कर ली थी और सुसाइड नोट में पति को जिम्मेदार बताया था। शादी को उस वक्त 7 महीने ही हुए थे। डॉ. यादव को पहले दहेज उत्पीड़न और फिर पत्नी की आत्महत्या के मामले में आरोपी बनाया गया था। डॉ. यादव को जनवरी में ट्रायल कोर्ट ने दहेज के आरोपों से बरी कर दिया था।



*रेलवे की यात्रियों को बड़ी सौगात*

## वंदे भारत ट्रेन में 15 मिनट पहले बुक करा सकेंगे टिकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेल ने यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। अब यात्री वंदे भारत ट्रेन से यात्रा करने से महज 15 मिनट पहले भी टिकट बुक कर सकते हैं। इसके लिए भारतीय रेलवे ने यात्री के रिजर्वेशन सिस्टम में बदलाव किया है। ये नियम अभी केवल 8 वंदे भारत एक्सप्रेस पर ही लागू हुआ है। दक्षिण रेलवे जोन द्वारा संचालित होने वाले वंदे भारत ट्रेनों पर ये नियम लागू किया गया है। देश के विभिन्न मार्गों पर मौजूदा समय में कुल 144 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें सभी मार्गों पर 100% क्षमता के साथ चल रही हैं।



*सैटेलाइट-आधारित टोलिंग सिस्टम*

## समिति की सिफारिश, सुरक्षा गोपनीयता पर विचार करें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर सैटेलाइट-आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम लागू करने को लेकर बनी एक उच्च स्तरीय समिति ने इस तकनीक से जुड़ी सुरक्षा और गोपनीयता के मुद्दों पर और गहन चर्चा की सिफारिश की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में जानकारी दी कि सरकार ने फिलहाल एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) तकनीक पर आधारित फास्टैग सिस्टम, यानी एएफएस को कॉरिडोर या कुछ खास हिस्सों पर लागू करने का निर्णय लिया है। अभी देश के किसी भी नेशनल हाईवे पर सैटेलाइट-आधारित यूजर फीस कलेक्शन सिस्टम चालू नहीं है।



*सीबीआई ने दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट*

## आप नेता जैन के खिलाफ नहीं मिले भ्रष्टाचार के सबूत

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस बंद कर दिया। स्पेशल जज दिग विनय सिंह ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार की। उन्होंने फैसला सुनाते हुए कहा कि 4 साल की जांच के बाद सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला। दरअसल, सत्येंद्र जैन पर आरोप था कि उन्होंने पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए नियमों के विरुद्ध विभाग में भर्तियां कराई थीं। इसको लेकर दिल्ली सरकार की विजलेंस डिपार्टमेंट ने 29 जुलाई 2019 में एफआईआर दर्ज की थी, फिर सीबीआई ने मामले में जांच शुरू की थी।



**नमन** दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

*सोरेन ने 81 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, झारखंड में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित*

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं 'दिशोम गुरुजी' शिबू सोरेन का निधन, अंतिम संस्कार आज

**रांची/नई दिल्ली (भाषा)।** झारखंड के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आदिवासी नेता 'दिशोम गुरुजी' के नाम से प्रसिद्ध पूर्व सीएम एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन ने सोमवार को अंतिम सांस ली। वह 81 वर्ष के थे। उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी दी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुर्दे संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। हेमंत सोरेन ने 'एक्स' पर लिखा, 'आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सबको छोड़कर चले गए... मैं आज 'शून्य' हो गया हूं।' झारखंड विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया। देशभर से विभिन्न नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। झामुमो ने बताया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर रांची लाया गया है। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार रामगढ़ जिले में उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा और वहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



**सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बड़ी क्षति : मुर्मू :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'शिबू सोरेन जी का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी पहचान व झारखंड राज्य के गठन के लिए संघर्ष किया।'

### एक जमीनी नेता थे : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिबू सोरेन जनजातीय समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध थे। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'शिबू सोरेन जी एक जमीनी नेता थे जो लोगों के प्रति अटूट समर्पण के कारण जननेता बने। वे जनजातीय समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से समर्पित थे।' 'उनके निधन से बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से बात की और संवेदना व्यक्त की। ओम शांति।' प्रधानमंत्री मोदी, शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए अस्पताल भी गए।

*मंडाविया बोले-फिट इंडिया का उद्देश्य नागरिकों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना*

# हिसार का पर्वतारोही नरेंद्र बना फिट इंडिया एंबेसडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने मिंगनीखेड़ा गांव निवासी प्रसिद्ध पर्वतारोही नरेंद्र कुमार को 'फिट इंडिया एंबेसडर' नियुक्त किया है। यह सम्मान नागरिकों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को बढ़ावा देने में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि नरेंद्र की गतिविधियां और प्रयास भारत के नागरिकों को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका कार्य फिट इंडिया मिशन के तहत स्वास्थ्य और खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। समारोह में युवाओं और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि फिट इंडिया मिशन का प्राथमिक उद्देश्य हमारे नागरिकों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार जैसे युवा एंबेसडर हमारे मिशन की योजना और विचारधारा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### स्वास्थ्य संस्कृति मज़बूत होगी

इस नियुक्ति को देशभर में फिटनेस और स्वास्थ्य संस्कृति को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नरेंद्र ने 'फिट इंडिया एंबेसडर' के रूप में अपनी नियुक्ति पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि कि वे फिट इंडिया मिशन के लिए काम करते हुए अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। पर्वतारोही, नरेंद्र कुमार ने हाल ही में दुनिया की सबसे दुर्गम और यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस को फतेह किया है, देश के लिए गर्व का विषय हैं। वे पहले हरियाणवी पर्वतारोही हैं जिन्होंने माउंट अन्नपूर्णा (ऊंचाई 8091 मीटर) पर तिरंगा फहराया, उन्होंने 2022 में माउंट ल्होत्से (8516) जो विश्व की चौथा उंचा पर्वत है उसको फतेह किया।

## खबर संक्षेप

### किसानों को 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दें: अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार किसानों की बुरी तरह से अनदेखी कर रही है। पिछले कई सालों से किसान हर साल बारिश से खेतों में जलभराव होने के कारण बर्बाद हो रही फसलों के नुकसान को झेल रहे हैं। बहुत सारी जगहों पर लोगों के घरों और दुकानों में भी पानी भरने से भारी नुकसान हुआ है। सरकार तुरंत विशेष गिरदावरी करवा के किसानों को 50000 प्रति एकड़ का मुआवजा दे ताकि किसान अपनी अगली फसल की तैयारी कर सके।

### महापुरुष पूरे समाज के होते हैं : विपुल गोयल

**चंडीगढ़।** महाराजा अग्रसेन समिति पलवल की ओर से पलवल के आल्हापुर में स्थित महाराजा अग्रसेन सामुदायिक भवन में महाराजा अग्रसेन प्रतिमा के अनावरण समारोह में हरियाणा के राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं अपितु पूरे समाज के होते हैं और पूरा समाज उनके बताए मार्ग पर चलने का कार्य करता है।

### बिजली उपभोक्तओं की समस्या आज सुनेंगे

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की समस्याएं कल 5 अगस्त को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर - 96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में सुनी जाएंगी।

### भारत विभाजन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा ने भारत के विभाजन की त्रासदी को याद करने के लिए 14 अगस्त को फरीदाबाद में राज्य स्तरीय कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। 14 अगस्त की सायं मौन यात्रा भी निकाली जाएगी। फरीदाबाद के भाजपा जिला कार्यालय "अटल कमल" में फरीदाबाद लोकसभा की बैठक हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भारत के विभाजन के लिए कांग्रेस पार्टी को जिम्मेदार बताया।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 और 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत मिला हक

# सीएम ने दिए प्रमाणपत्र, 1 हजार 144 परिवारों को बनाया घरों का मालिक, 3 हजार 884 को प्लॉटों के आवंटन पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हजारों गरीब परिवारों को उनके सपनों का घर सौंपते हुए लाभार्थियों को 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत आवंटन पत्र और 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के अंतर्गत अंतरिम मलकीयत प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में कोई भी गरीब परिवार बेघर नहीं रहेगा, यह डबल इंजन सरकार का संकल्प है।

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 1144 लाभार्थियों को अंतरिम मलकीयत प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। इसके साथ ही, 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0' के तहत 58 गांवों के 3884 लाभार्थियों को प्लॉटों के आवंटन पत्र भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि घर एक सपना है, एक भरोसा है, एक सुरक्षा कवच है। आज 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत अंतरिम मलकीयत प्रमाण पत्र सिर्फ एक मालिकाना हक का दस्तावेज नहीं है, यह एक नई सुबह, एक नई शुरुआत का प्रतीक है।





#### 15 हजार 256 परिवारों को 30-30 गज के प्लॉट दिए

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इससे पहले मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्रथम चरण में 14 शहरों के 15,256 परिवारों को 30-30 गज के प्लॉट दिए जा चुके हैं। इन प्लॉटों पर मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी- 2.0 के तहत 2 लाख 50 हजार रुपये की सब्सिडी देने का भी प्रावधान किया है। इसी प्रकार, गांवों में भी प्लॉट व सब्सिडी की व्यवस्था की है। हमने लोगों से किया वादा निभाया, जमीन दी और उस पर अपना घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता भी दी है।

#### 1.58 लाख आवेदकों को प्लॉट देने की प्रक्रिया शुरू

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के दूसरे चरण के तहत 561 गांवों में 1 लाख 58 हजार आवेदकों को प्लॉट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस योजना के लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण' के तहत 1 लाख 38 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये तथा मनरेगा के तहत 90 दिन की अकुशल मजदूरी देने का भी प्रावधान किया गया है।

#### 69,150 घरों का निर्माण किया, 579 करोड़ दिए

सीएम ने कहा कि 'प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण' के तहत 69,150 घरों का निर्माण किया जा चुका है तथा 579 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार शहरों में भी 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी' के तहत 77,900 घरों का निर्माण करवाया है तथा 1650 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा में विकास की एक नई गाथा लिखी है। जरूरतमंद परिवारों को केवल घर दिए।

#### भाजपा सरकार ले रही ऐतिहासिक फैसले : पंवार

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीबों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही है। जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपये तक है, उन घरों की छत पर दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गरीबों के हित में ये फैसला किया है कि सोलर पैनल लगाने के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया जाएगा।

# 15 एचसीएस अफसरों का प्रमोशन, आईएएस बने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) के 15 अफसरों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त करने की घोषणा की है। ये नियुक्तियां वर्ष 2021, 2022, 2023 और 2024 की चयन सूचियों के लिए निर्धारित रिक्तियों पर की हैं। ये नियुक्तियां हरियाणा सरकार के परामर्श से भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 और अन्य संबंधित विनियमों के अनुसार की गई हैं। नवनियुक्त अधिकारियों को अगले आदेश तक प्रोबेशन पर हरियाणा कैडर आवंटित किया गया है।

इनमें विवेक पदम सिंह और डॉ. मुनीश नागपाल को वर्ष 2021 का बैच, महेंद्र पाल, सतपाल शर्मा और सुशील कुमार-1 को वर्ष 2022 का बैच, वर्षा खनगवाल, वीरेंद्र सिंह सहरावत, सत्येन्द्र दूहन, मनिता मलिक, सतबीर सिंह, अमृता सिंह, योगेश एवं वंदना दिसोदिया को वर्ष 2023 का बैच और जयदीप कुमार एवं समवर्तक खांगवाल को वर्ष 2024 का बैच दिया गया है।

# बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने बताया कि आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों के वार्षिक पारिश्रमिक को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये, मतदाता सूची के पुनःनिरीक्षण कार्य में भाग लेने वाले बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को 1 हजार से बढ़ाकर 2 हजार रुपये, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी संशोधन करते हुए 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये वार्षिक कर दिया गया है। इसी प्रकार, पहली बार आयोग ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के लिए भी मानदेय निर्धारित किया है, जिसमें ईआरओ को 30 हजार रुपये तथा एईआरओ को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। निवासन ने बताया कि यह संशोधन वर्ष 2015 के बाद पहली बार किया गया है।

*सीएम ने बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की, दिए निर्देश*

# पहाड़ी क्षेत्र वाले किसानों की समस्या का समाधान करें प्रदेश में वीटा के बूथ बढ़ाकर देंगे रोजगार के अवसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2025-26 की बजट अनाउंसमेंट के संबंध में विभिन्न विभागों की घोषणाओं की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। सैनी ने कहा कि मोरनी जैसे पहाड़ी क्षेत्र में किसानों को फसल उत्पादन में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग किसानों से फीडबैक लेकर समस्याओं की पहचान करे और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड मोरनी जैसे क्षेत्र में किसानों की बागवानी फसलों को मंडियों तक पहुंचाने के लिए लघु कलेक्शन सेंटर स्थापित करने की संभावना पर भी कार्य करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में वीटा के बूथों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे लोगों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें। बैठक में मुख्यमंत्री ने क्रमवार कृषि विभाग, बागवानी विभाग, वीटा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन और पशुपालन एवं डेयरी विभाग की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि निर्धारित समय में कार्यों को गति से पूरा किया जाए।



#### प्राकृतिक खेती को बढ़ाएं

सीएम ने कहा कि इस वर्ष प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 1 लाख एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, प्राकृतिक खेती से संबंधित अतिरिक्त प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएं। इसके लिए अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करना चाहिए।

## खबरें हाईकोर्ट से

### दस अतिरिक्त न्यायाधीशों ने ली शपथ

**पंचकूला।** पंजाब एवं हरियाणा के दस जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई गई, जिससे न्यायालय में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 85 के स्वीकृत पदों के मुकाबले 59 हो गई। ये नियुक्तियां लंबित 4 लाख 33 हजार 720 मामलों को कम करने के लिए संस्थागत प्रयास के एक हिस्से के रूप में की गई हैं। चीफ जस्टिस शील नागू ने हाईकोर्ट सभागार में एक सादे, लेकिन प्रभावशाली समारोह में शपथ दिलाई। इस समारोह में वर्तमान और सेवानिवृत्त न्यायाधीश, वरिष्ठ नौकरशाह, विधिक समुदाय के सदस्य और नवनियुक्त न्यायाधीशों के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। शपथ लेने वालों में वीरिंदर अग्रवाल, मनदीप पन्नू, अमरिंदर सिंह ग्रेवाल, प्रमोद गोयल, रूपिंदरजीत चहल, शालिनी सिंह नागपाल, सुभाष मेहला, सूर्या प्रताप सिंह, आराधना साहनी और यशवीर सिंह राठौड़ शामिल हैं।

### हाईकोर्ट ने सरकार का नोटिस रद किया

**पंचकूला।** हरियाणा सरकार द्वारा पांच सब-इंस्पेक्टरों को नौकरी से हटाने के लिए जारी शोकाज नोटिस को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने रद कर दिया है। यह निर्णय जस्टिस जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने सुनाया और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि यदि वर्तमान में खाली पद नहीं हैं, तो सुपरन्यूमरेरी (अतिरिक्त) पद सृजित कर याचिकाकर्ताओं को यथावत सेवा में बनाए रखा जाए। वर्ष 2018 में हरियाणा सरकार द्वारा सब-इंस्पेक्टर (पुरुष) के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। याचिकाकर्ता उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण आदि उत्तीर्ण कर मार्च 2019 में सेवा में योगदान किया। लेकिन बाद में कुछ असफल उम्मीदवारों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद भर्ती बोर्ड ने परीक्षा परिणाम की समीक्षा की और कुछ याचिकाकर्ताओं को कम अंक दे दिए। इससे उनकी मेरिट नीचे चली गई और सरकार ने 16 दिसंबर 2021 को उन्हें नौकरी से निकालने हेतु शोकाज नोटिस जारी किया।

### निशानेबाज को विदेश जाने की मंजूरी

**पंचकूला।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में न्याय और करुणा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए धोखाधड़ी और शस्त्र अधिनियम के आरोपी निशानेबाज चिराग कुमार सरदाना को यूरोप और अमेरिका में आयोजित शूटिंग कैंप में भाग लेने के लिए विदेश यात्रा की अनुमति दे दी है। हिसार निवासी चिराग कुमार सरदाना के खिलाफ धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। सेशंस कोर्ट ने उनका पासपोर्ट सीमित अवधि के लिए जारी किया था, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय कैंप्स में भाग नहीं ले सके। न्यायमूर्ति हरप्रीत सिंह बराड़ ने आदेश में कहा कि उन्हें विदेश जाने से रोकना उनके पेशेवर करियर के लिए गंभीर क्षति होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि कैंप 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है, इसलिए याचिकाकर्ता 5 जनवरी, 2026 तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित होंगे और इसके बाद पासपोर्ट सरेंडर कर कार्यवाही में सम्मिलित होंगे।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA SFC 609 CBC (BHARDWAJ TRANSPORT AND TRAVELS) REG. NO.-HR46F7931-YOM- 2020
2)MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (M R CHEMICAL FACTORY) REG. NO.-HR67C7539-YOM-2020
3) MAHINDRA JEETO (ROHTASH) REG. NO.-HR66C4850-YOM- 2022
4) TATA2518LPT (BADLU) REG. NO.-RJ11GC0943 -YOM- 2018
5) MARUTI SUPER CARRY (NARVEER) REG. NO.-HR66C0242-YOM- 2022
6) TATA MOTORS LTD.-CB_TATA ACE (SANDEEP KUMAR) REG. NO.-HR47F4684-YOM- 2022
7) TATA MOTORS LPT 1109CH (OCEAN LOGISTICS AND PACKERS) REG. NO.-HR61D2715 -YOM- 2019
8)SARTAJ_GOODS(SURESH MANDAL) REG. NO.-HR39F7900-YOM- 2024
9) MARUTI_SUPER_CARRY_CNG ( MOHIT SHARMA) REG. NO.-HR47G1803-YOM- 2024
10) TATA LPS 4018 FULLY BUILT TRAILER (SANDEEP KUMAR) REG. NO.-PB05AJ9688-YOM- 2015
11) TATA LPT 3118(NIKHIL BRIJPAL) REG. NO.-RJ11GB6019 -YOM- 2017
12) AL_ECOMET_1615_FULLY_BUILT _GOODS_HSD_4200(RAKESH) REG. NO.-HR58C8901-YOM- 2022
13) TATA_INTRA_V50(AJMER SINGH) REG. NO.-HR46F4952-YOM- 2023
14) TATA 5530(PAWAN KUMAR) REG. NO.-HR56C7411-YOM- 2024
15) ALBADADOST(CHANDER BHAN) REG. NO.-HR56C6616-YOM- 2023
16) ALBADADOST(CHANDER BHAN) REG. NO.-HR56C6616-YOM-2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 11.08.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में एमआरएफ केन्द्र का निर्माण। | 01.08.2025 11.08.2025 | रु. 42,35,961/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर पालिका महम | वार्ड नं. 1 से 15 महम में स्ट्रीट लाइट, रोड लाइट, हाई मास्ट लाइट और केबलिंग का रखरखाव। | 30.07.2025 07.08.2025 | रु. 19,03,476/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in |
| 3 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में विभिन्न स्थानों पर 36 वॉट की एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 30.07.2025 07.08.2025 | रु. 2,31,420/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/37290/I/88/6 दि. 04.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | एमसीजी के ईई-VIII क्षेत्राधिकार के तहत वार्ड नं. 33 में ट्रेंचलैस टेक्नोलॉजी के माध्यम से वर्तमान सीवर लाइन ग्लेरिया मार्केट सर्विस रोड के निकट रेडलाइट से जीएमडीए मास्टर सीवर लाइन को जोड़ने हेतु 600 मिमी डाया सीवर लाइन का प्रावधान व बिछाना। | 01.08.2025 07.08.2025 | रु. 49,37,361/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | सुपर सक्कर मशीन को किराये पर लेना जो दैनिक सीवरेज कम्लेंट और गाद निकालने के लिए हो वार्ड नं. 25 और 26 डिवीजन 4बी एमसी गुरूग्राम के तहत + 2 कार्य। | 02.08.2025 12.08.2025 | रु. 1,90,73,814/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 3 | नगर निगम गुरूग्राम | एमसीजी के तहत डिवीजन 2ए और 2बी में सुपर सक्कर किराये पर लेना + 11 कार्य। | 01.08.2025 11.08.2025 | रु. 5,90,95,390/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee3@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/37287/I/88/6 दि. 04.08.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा पावर जनरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) | 1.एनआईटी संदर्भ सं. 2023_HBC_308422_1 (बोली दस्तावेज संख्या 32/सीई/पीएलजी/डीसीआरटीपीपी/एफजीडी-251) 2. शुद्धिपत्र-1 दिनांक 15.09.2023. 3. शुद्धिपत्र-2दिनांक 11.10.2023. 4. शुद्धिपत्र-3 दिनांक 06.11.2023 5.शुद्धिपत्र-4दिनांक20.11.2023 6.शुद्धिपत्र-5दिनांक19.12.2023 7.शुद्धिपत्र-6दिनांक18.01.2024 8.शुद्धिपत्र-7दिनांक 12.02.2024 9.शुद्धिपत्र-8दिनांक 12.03.2024 10. शुद्धिपत्र-9 दिनांक 09.04.2024 11.शुद्धिपत्र-10दिनांक 14.05.2024 12.शुद्धिपत्र-11दिनांक02.07.2024 13.शुद्धिपत्र-12दिनांक 13.08.2024 14.शुद्धिपत्र-13दिनांक25.09.2024 15.शुद्धिपत्र-14दिनांक 23.10.2024 16.शुद्धिपत्र-15दिनांक07.11.2024 17.शुद्धिपत्र-16 दिनांक28.11.2024 18.शुद्धिपत्र-17दिनांक02.01.2025 19.शुद्धिपत्र-18दिनांक04.02.2025 20.शुद्धिपत्र-19दिनांक 25.02.2025 21.शुद्धिपत्र-20दिनांक27.03.2025 22.शुद्धिपत्र-21दिनांक 15.05.2025 23.शुद्धिपत्र-22दिनांक02.07.2025 | डीसीआरपीपी, यमुनानगर (2300 मेगावाट) के लिए गीले चूना पत्थर आधारित डीएफजीडी सिस्टम पैकेज हेतु ई-एनआईटी 32/सीई/पीएलजी/डीसीआरटीपीपी/एफजीडी-251 (निविदा आईडी: 2023_HBC_308422_1) एतद् द्वारा रद्द की जाती है। (अधिक जानकारी के लिए कृपया विभाग की वेबसाइट देखें)। | www.hpgcl.org.in https://etenders.hry.nic.in | 9354782005 seplg.pkl@hpgcl.org.in xenplgs2.pkl@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/37317/I/88/6 दि. 04.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | एम.सी. नांगल चौधरी में रोज के म्यूनिसिपल ठोस कचरे की प्रोसैसिंग। | बंद होने की तिथि 05.08.2025 | रु. 6,66,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 secy-nangalc@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37318/I/88/6 दि. 04.08.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.122120 DATED 04.06.2025 (EPC-D NO.129/PD&C) | शुद्धिपत्र खुलने की तिथि 31S01.08.2025 ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार सहित 11.08.2025 17:00 बजे तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37307/I/88/6 दि. 04.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईई नरवाना (हरियाणा) में टर्नकी आधार पर 2×12.5 एमवीए 33/11 केवी इंडोर सब स्टेशन का इलैक्ट्रिकल और सिविल कार्य हेतु डिजाइन, उत्पादन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। | 01.08.2025 19.08.2025 | 6,25,02,602/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2567482 se.electrical@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37304/I/88/6 दि. 04.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला हिसार- कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा विधानसभा क्षेत्र) ग्रुप नं. 15 में 3 अदद सड़क का चौड़ाकरण और मजबूतीकरण (I) बसरा से गोरची सड़क आरडी 0.00 से 2.900 तक (रोड आईडी 8665), (II) बसरा से मेहरियां राजस्थान बॉर्डर तक रोड आरडी 0.00 से 3.100 (रोड आईडी 4950), (III) सरसाना से बसरा रोड आरडी 0.00 से 3.620 तक (रोड आईडी 4949) + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.08.2025 | 3428.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि बंदर ब्रांच पलवल में पलवल विधानसभा क्षेत्र एचएसएएमबी से पीडब्ल्यूडी को स्थानांतरित सीहोल से खेडला रोड (आईडी 12111) आरडी 0.00 से 3.36 कि.मी. तक चौड़ा करना व मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (ग्रुप 5) (बिना जीएसटी)। | बंद होने की तिथि 08.08.2025 | 447.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में (टावर ऑफ जस्टिस) नये न्यायालय परिसर में गैस स्प्रैशन सिस्टम का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 443.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में रादौर में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स का निर्माण। | 02.08.2025 23.08.2025 | 2104.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26 में 6 अदद सड़कों का विकास), (I) पीएसआर रोड से किरंज 0.00 कि.मी. से 1.750 तक (रोड आईडी 3090) (II) बीपीडीएस रोड से चुहरपुर कि.मी. 0 से 0.0750 (रोड आईडी 3100) (III) बीपीडीएस रोड से एनआईएम ओटीएच (आईडी 3094) कि.मी. 0 से 0.450 (IV) बीपीडीएस रोड से बजखेड़ा वाया कुलियाका कि.मी. 0.00 से 2.10 रोड आईडी 3105 (V) कटरिका से बजखेड़ा वाया कुलियाका कि.मी. 0.00 से 2.900 (रोड आईडी 3103) (VI) सरमथला से कुलियाका कि.मी. 0.00 से 3.00 (रोड आईडी 10682)। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 237.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में मेदावास से कुलावास वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 4.70 तक (रोड आईडी 3070) मजबूतीकरण का प्रावधान (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 421.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | जिला गुरूग्राम में विकास के प्रावधान द्वारा 3 अदद सड़कों (I) गुरूग्राम-अलवर रोड से सोहना से दौला कि.मी. 0.00 से 4.70 तक (आईडी 3084) (II) गुरूग्राम अलवर रोड से गढी बाजिदपुर स्कूल भवन तक किमी 0.00 से 3.970 (3110) (III) सोहना से सेम्पकी नंगली (रोड आईडी 3085) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 375.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज अम्बाला | बोर्ड्स / होर्डिंग्स पर विज्ञापन हेतु निविदा सूचना। | 25.07.2025 18.08.2025 | 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467533200 gmhramba@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज हिसार | ढाणी गुजरा हांसी में एससी चौपाल का निर्माण (डी-प्लान) + 11 कार्य। | 01.08.2025 13.08.2025 | 92.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | बागवानी विभाग गुरूग्राम | गुरूग्राम में हाईटेक ग्रीन हाउस (एचटीजीएच) की मरम्मत और अपग्रेडेशन। | 04.08.2025 04.09.2025 | ईएमडी 28000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8059016595 dhogurugram0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/37321/I/88/6 दि. 04.08.25

# पंचकूला में ब्लास्ट से दुकान के उड़े परखच्चे, मलबे में दबे कई वाहन

## ■ कालका क्षेत्र में मची अफरातफरी ■ पुलिस ने दुकान और आसपास के इलाके को घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला के कालका क्षेत्र में उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक फास्ट फूड की दुकान में अचानक जोरदार ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि दुकान का शटर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरा और छत और दीवार भी टूट गई। ब्लास्ट के बाद जो मलबा दुकान के बाहर गिरा उसमें कई गाड़ियां और बाइक दब गईं। अचानक हुए ब्लास्ट से आसपास का इलाका दहल उठा।

■ ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि दुकान का शटर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरा और छत और दीवार भी टूट गई

यह घटना कालका के हाउसिंग बोर्ड बस स्टैंड के सामने स्थित एक फास्ट फूड की दुकान में हुई। जोरदार ब्लास्ट की यह घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ब्लास्ट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के दुकानदार और राहगीर दहशत में आ गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। कालका में हुए ब्लास्ट के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। बम विस्फोट की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दुकान और आसपास के इलाके को घेर लिया। पुलिस जांच में जुटी है।



पंचकूला। विस्फोट में धराशायी दुकान।


पंचकूला। मलबे में दबी कार।

### आतंकी साजिश का नहीं मिला कोई सबूत

विशेषज्ञों की टीम फॉरेंसिक एंगल से घटनास्थल की जांच कर रही है।. प्रशासन का कहना है कि शुरुआती जांच में किसी भी आतंकी साजिश या गंभीर विस्फोटक के इस्तेमाल के संकेत नहीं मिले हैं। हालांकि इसके बावजूद सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, अब तक इस हादसे में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दुकान को नुकसान जरूर हुआ है

# नौकरी का झांसा देकर दस लाख हड़पे, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर थमाए

■ इनकम टैक्स विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देने का आरोप

**जींद।** सरकारी नौकरी लगवाने को झांसा देकर दस लाख रुपये हडपने तथा फर्जी ज्वायनिंग लेटर थमाए जाने पर अलेवा थाना पुलिस ने कंप्यूटर संचालिका के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शामदो निवासी रणबीर ने अलेवा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव अलीपुरा निवासी रीतू उचाना में कंपूटर सेंटर चलाती है। उससे उसकी अच्छी जान पहचान रही है। रीतू ने उसे बताया कि उसकी दिल्ली में एग्रीकल्चर तथा इनकम टैक्स में वैकेंसी निकली हुई है। कोई जानकार है तो वह नौकरी लगवा देगी। जिस पर उसने अपने चार जानकारों को नौकरी लगवाने के लिए कहा। जिसकी एवज में रीतू ने 14 लाख रुपये की डिमांड की। उसने रितू को चारों युवकों के दस्तावेज दे दिए। 14 मार्च 2023 से 18 अप्रैल 2023 तक उसने 12 लाख रुपये रीतू को ऑनलाइन नगदी समेत अलग-अलग माध्यम से दे दिए। कुछ समय के बाद रीतू ने उन्हें ज्वायनिंग लेटर भेजे। जो फर्जी पाए गए। जिस पर उन्होंने रीतू से रुपये वापस मांगे। काफी दबाव के बाद रीतू ने दो लाख वापस कर दिए और दस लाख रुपये के चैक दिए। जो बैंक में लगाए जाने पर बाउंस हो गए। जब उन्होंने से रीतू से बात की तो उसने रुपये लौटाने तथा बूरा अजाम भूगतने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार जीजा-साला घायल

**जींद।** गांव मखंड के निकट तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। उचाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।गांव बनभौरी निवासी गुरदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका जीजा शमशेर बाइक पर सवार होकर उचाना खुर्द की तरफ जा रहे थे। गांव मखंड के निकट तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी के साथ झगड़े के बाद फंदा लगाया

**गुरुग्राम।** सेक्टर 81 स्थित ग्रैंड फोर्ड के पास एक ऑटो चालक ने पेड़ से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक दो दिन पहले अपनी पत्नी से झगड़ा करके घर से ऑटो लेकर निकला था। उसने खुदकुशी करने से पहले अपनी पत्नी को व्हॉट्सअप पर मैसेज भी किया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी।जानकारी के अनुसार, यूपी के फर्रुखाबाद निवासी सत्यम चतुर्वेदी (30 वर्ष) गुरुग्राम में अपने परिवार के साथ रहता था और ऑटो चलाता था।

### जनगणना के लिए फरीदाबाद में होगा प्री टेस्ट

**फरीदाबाद।** भारत सरकार द्वारा 2027 में कराए जाने वाली जनगणना की तैयारी को लेकर निदेशक जनगणना निदेशालय हरियाणा चंडीगढ़ ललित जैन आईएएस सोमवार को फरीदाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा की उपस्थिति में अधिकारियों के साथ जनगणना की प्रस्तावना को लेकर बैठक की।

# युवक से मेलजोल बढ़ाने से रोका तो नाबालिग ने करवा दी पिता की हत्या

## ब्लाइंड मर्डर में सनसनीखेज खुलासा : युवती, उसका प्रेमी व साथी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के कुंडली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बेटी द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता की हत्या करवाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए दो मुख्य आरोपितों सहित नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सुमित उर्फ सुजल व जसविंद्र उर्फ जस्सी निवासी अकबरपुर बारोटा का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

■ पुलिस ने दो आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया

पुलिस रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गत 30 जुलाई को आशीष नामक किसान के खेत में खून से लथपथ एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव के गले, सिर और कमर पर धारदार हथियार से किए गए कई घाव मिले, जिससे उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा था। बाद में मृतक की पहचान गांव बारोटा निवासी 38 वर्षीय कुलदीप के रूप में हुई, जिसके हाथ पर उसका नाम गुदा हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

### बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची खौफनाक साजिश

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि कुलदीप की हत्या उसी की नाबालिग बेटी ने अपने प्रेमी सुमित के साथ मिलकर करवाई थी। सुमित और कुलदीप की बेटी के बीच प्रेम संबंध थे, जो दोनों परिवारों को मंजूर नहीं थे।

### आरोपी को डांटा था

सुमित और बेटी की मुलाकात कुलदीप के भाई की बॉक्सिंग अकादमी में हुई थी, जहां से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं।

जब कुलदीप को इस संबंध की जानकारी हुई, तो उन्होंने विरोध करते हुए सुमित को डांट भी लगाई थी। इसी के बाद से दोनों के मन में बदले की भावना पनपी। जिसके बाद अपने ही पिता की हत्या का षड़यंत्र रचकर वारदात को अंजाम दिया।

### 20 बार चाकू से वार, फिर पत्थर से चेहरा कुचला

पुलिस के अनुसार, सुमित ने अपने साथी जसविंद्र उर्फ जस्सी के साथ मिलकर कुलदीप की हत्या की साजिश रची। प्रारंभिक योजना कुलदीप को जहर देकर मारने की थी, लेकिन जब इसमें सफलता नहीं मिली तो हत्या की दूसरी योजना बनाई गई। दोनों ने मिलकर कुलदीप पर 20 बार चाकू से वार किए और उसके बाद पत्थर से चेहरा कुचल दिया, ताकि पहचान न हो सके।


### हथियार बरामद करेंगे

हत्याकांड में मृतक की बेटी व हत्यारोपितों को काबू कर लिया है। आरोपित जसविंद्र पहले भी हत्या की कोशिश, लूट और मारपीट जैसे मामलों में जेल जा चुका है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर रही है और हत्या में प्रयुक्त हथियार व अन्य साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रही है।

-सेठी मलिक, प्रभारी कुंडली थाना

# पंजाबी गायक हरभजन मान की कार डिवाइडर से टकराकर पलटी

### मान पूरी तरह सुरक्षित, सुरक्षाकर्मी को लगी चोट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मशहूर पंजाबी गायक हरभजन मान की कार का जीटी रोड पर पिपली में फ्लाइओवर पर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। कार में हरभजन मान सहित चार लोग मौजूद थे। हादसे में कार में बैठे सुरक्षाकर्मी को चोटें आईं है। हरभजन मान को हादसे में चोट नही आई है। जानकारी के अनुसार पंजाबी गायक हरभजन मान दिल्ली में शो करने के बाद कार से चंडीगढ़ जा रहे थे। सोमवार अलसुबह करीब 5 बजे उनकी कार जीटी रोड पर पिपली फ्लाइओवर पर पहुंची तो कार डिवाइडर से टकरा गई। बताया जाता है कि कार के आगे अचानक से बेसहारा पशु आ गया था जिस कारण यह हादसा हुआ। बेसहारा पशु से टकराने के बाद कार डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। कार में हरभजन मान, उनका सुरक्षाकर्मी, ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति सवार थे। हादसे में उनके सुरक्षाकर्मी को चोटें आईं। सुरक्षाकर्मी का निजी अस्पताल में उपचार करवाया गया। घटना के कुछ देर बाद हरभजन मान दूसरी गाड़ी से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। प्रत्यक्षदर्शी सुरजीत सिंह ने बताया कि कार में पंजाबी गायक हरभजन सिंह सहित चार लोग सवार थे। हादसे में सिक्योरिटी गार्ड के हाथ पर चोंटे आई है।

# ज्योति मल्होत्रा की हिरासत 14 दिन और बढ़ी



■ यूट्यूबर पर पाक के लिए जासूसी का आरोप

■ पिता ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोपों में गिरफ्तार हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के पिता ने राष्ट्रपति को एक मार्मिक चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर 4 सवाल उठाए है। चिट्ठी में लिखा है कि बेटी से पुलिस ने कोरे कागज पर साइन कराकर खुद ही उसकी स्टेटमेंट लिखी है। पुलिस ने देशद्रोह की जो धारा लगाई है, उससे संबंधित एक भी सबूत पुलिस जुटा पाई है। उन्होंने बेटी को बेगुनाह बताते हुए दर्ज एफआईआर को तुरंत निरस्त करने की गुहार लगाई है। यह भी कहा कि उसकी बेटी अब कभी भी पाकिस्तान नहीं जाएगी, मैं इसकी गारंटी लेता हूं। बता दें कि पुलिस ने ज्योति मल्होत्रा को 16 मई को गिरफ्तार किया था। उपर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धारा 3, 4 और 5 के तहत जासूसी, राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने और गोपनीय जानकारी साझा करने जैसे गंभीर आरोप हैं। उसे पहले 5 दिन के रिमांड पर लिया गया, फिर 4 दिन और बढ़ाया गया, जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। आज सोमवार को ज्योति की कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए छठी पेशी हुई। कोर्ट ने उसे 14 दिन और न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# गुरुग्राम पुलिस की गाड़ी ट्रैक्टर से टकराई, एसआई समेत दो की मौत

## ■ अपराधियों को पकड़ने के लिए छत्तीसगढ़ जा रहे थे, तीन जवान घायल

**गुरुग्राम** अपराधियों को पकड़ने गुरुग्राम से छत्तीसगढ़ जा रही पुलिसकर्मियों की गाड़ी का चित्रकूट के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक्सीडेंट हो गया। इस घटना में सब इंस्पेक्टर सहित दो की मौत हो गई। जबकि 2 घायल पुलिसकर्मियों को क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। वहीं, उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोनों पुलिसकर्मियों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच को एक मामले में अपराधी के छत्तीसगढ़ में होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर संजय, आरक्षी अमित, एएसआई इंद्रजीत, हैड कांस्टेबल राजेश बोलेरो गाड़ी से छत्तीसगढ़ जा रहे थे। रात करीब सवा दस बजे वह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 127.6 के पास चित्रकूट के नजदीक पहुंचे थे।

### ट्रैक्टर के अचानक आगे आने से हादसा

अचानक एक ट्रैक्टर उनकी गाड़ी के सामने आ गया जिससे गाड़ी टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और मौके पर एसआई संजय व आरक्षी अमित कुमार ने दम तोड़ दिया। जबकि एएसआई इंद्रजीत और हैड कांस्टेबल राजेश जख्मी हो गए। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, एएसआई इंद्रजीत की हालत गंभीर है जिसे सीएचसी राठ से मेडिकल कॉलेज उरई जनपद जालौन में रेफर कर दिया गया है जबकि हैड कांस्टेबल राजेश की हालत स्थित है जिन्हें सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को स्थानीय पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**फतेहबाद पुलिस ने एक किलो से ज्यादा नशीला पदार्थ बरामद किया**

# पांच करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार आरोपी पर हिसार में पहले से ही दस केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत सीआईए स्टाफ रतिया एवं एवीटी स्टाफ की टीम द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 1 किलो 60 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह उर्फ गुग्गी पुत्र कुलवंत सिंह निवासी पीरावाली, जिला हिसार के रूप में हुई है।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि सीआईए रतिया प्रभारी उप निरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम नेशनल हाइवे पर गांव बड़ोपल क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी गुरमीत सिंह उर्फ गुग्गी मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में हेरोइन लेकर पंजाब से रतिया व बड़ोपल होते हुए गांव पीरांवाली में बेचने जा रहा है।



### पंजाब, हरियाणा में राजस्थान में करता था सप्लाई

आरोपी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में हेरोइन की सप्लाई करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत धांगड़ पुल पर नाकाबंदी की और आने-जाने वाले वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद आरोपी अपनी मोटरसाइकिल पर रतिया की ओर से आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर आरोपी ने बाइक मोडने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे सरकारी वाहन से रास्ता रोककर काबू कर लिया। नियमों के अनुसार तलाशी लेने पर आरोपी के पास से करीब 1 किलो 60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया युव गुरमीत सिंह उर्फ गुग्गी 5वीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है और वह गांव अयाल्की में शादीशुदा है। आरोपी हेरोइन की तस्करी का कार्य अपने पंजाब निवासी अपने साथी के साथ मिलकर करता है, जिसकी पहचान कर ली गई है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस, चोरी, अनैतिक व्यापार, आबकारी अधिनियम के 10 मामले दर्ज हैं।

### यमुनानगर महिला तस्कर गिरफ्तार घर से 254 ग्राम हेरोइन बरामद



**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गांव मलिकपुर खादर में छापेमारी कर एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के घर से 254 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बताया जा रहा है कि महिला अपने बेटे के साथ मिलकर नशीला पदार्थ बेचने का काम करती थी। पुलिस ने पकड़ी गई आरोपी महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि मलिकपुर खादर की एक महिला नशे का कारोबार कर रही है। सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने योजना के अनुसार देर रात गांव मलिकपुर खादर में महिला के घर पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में डीएसपी बिलासपुर हरविंदर सिंह को बुलाया गया। छापे के दौरान घर से 254 ग्राम हेरोइन मिली।

### सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक वर्षा खांगवाल आईएएस पदोन्नत



**चंडीगढ़।** हरियाणा के सूचना , जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक ( प्रशासनिक) वर्षा खांगवाल सोमवार को आईएएस के पद पर पदोन्नत हो गई हैं।भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) के 15 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त करने के बारे में अधिसूचना जारी की गई है। इनको अगले आदेश तक प्रोबेशन पर हरियाणा कैडर आवंटित किया गया है वर्षा खांगवाल वर्ष 2004 बैच की एचसीएस अधिकारी हैं , इन्होने अपने बैच में एचसीएस परीक्षा को टॉप किया था। खांगवाल वर्तमान में सूचना , जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक ( प्रशासनिक) के पद पर सेवारत हैं। इससे पहले वर्षा खांगवाल पंचकूला में अतिरिक्त उपायुक्त रही हैं , इसी प्रकार , वे यूटी चंडीगढ़ , हरियाणा के शिक्षा विभाग , शूगर मिल , हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण समेत कई विभागों में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे चुकी हैं।

# आप नेताओं के खिलाफ लगाए गए सारे केस झूठे : केजरीवाल

■ सत्येंद्र जैन को क्लीन चिट मिलने के बाद आप नेताओं का भाजपा पर हमला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेताओं के खिलाफ झूठे भ्रष्टाचार के केस दर्ज कर उनको बदनाम कर रही भाजपा के षड़यंत्रों की पोल खुल गईं है। दरअसल, पीडब्ल्यूडी में भर्तियों में भ्रष्टाचार का चल रहे केस में आप के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ भाजपा की सीबीआई को कोई भ्रष्टाचार नहीं मिला है। लिहाजा सोमवार को उसने क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी। कोर्ट ने भी क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार करते हुए केस बंद कर दिया है। सत्येंद्र जैन को क्लीन चिट मिलने के बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आप नेताओं के खिलाफ लगाए गए सारे केस झूठे हैं। समय के साथ सभी केसों में सच्चाई सामने आ जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारे ऊपर झूठे केस लगाकर हमें जेल भेजा गया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीबीआई की एक अदालत ने दिल्ली के तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ लंबे समय से चल रहे मुकदमे में क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। यानी यह मामला बंद हो गया है।

2017 में जब यह मामला सुर्खियों में आया, तब खबरें थीं कि अरविंद केजरीवाल के मंत्री ने भ्रष्टाचार किया है। गौरतलब है कि पीडब्ल्यूडी में भर्तियों में भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने के बाद सीबीआई ने तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के घर पर रेड भी मारा था, लेकिन उसे कोई सबूत नहीं मिला था। सत्येंद्र जैन के घर 30 मई 2019 को सीबीआई ने यह रेड की थी और कई घंटे तक उनके घर को खंगाला गया था।

## खबर संक्षेप

### कार्ति के अनुरोध पर 12 को प्राथमिकी पर सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की उस याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने एक शराब कंपनी को उसकी व्हिस्की की शुल्क-मुक्त बिक्री पर लगे प्रतिबंध से राहत दिलाने में मदद करने के आरोप में सीबीआई की ओर से अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया है।

### भूपेश बघेल के बेटे की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**रायपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर विशेष पीएमएलए अदालत ने कथित शराब घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की न्यायिक हिरासत 18 अगस्त तक बढ़ा दी। बघेल के वकील फैसल रिजवी ने बताया कि ईडी ने और 14 दिनों की न्यायिक रिमांड की मांग की।

### आंतरिक आरक्षण पर समित ने रिपोर्ट सौंपी

**बेंगलुरु (भाषा)।** सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जातियों के लिए आंतरिक आरक्षण पर गठित एक सदस्यीय आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एच. एन. नागमोहन दास ने सोमवार को मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। सिद्दरमैया ने कहा कि रिपोर्ट सात अगस्त को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में पेश की जाएगी।

### विपक्ष को भारत से प्यार नहीं है : सीएम रेखा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और आरोप लगाया कि विपक्षी दल राष्ट्र विरोधी ताकतों से प्यार करते हैं लेकिन भारत से नहीं। गुप्ता ने यह टिप्पणी दिल्ली विधानसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' पर बहस के दौरान की।



### दिल्ली में 100 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाने की योजना

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली सरकार ने अगस्त और सितंबर 2025 के बीच 100 से अधिक शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) स्थापित करने की योजना बनाई है। अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न एजेंसियों के तहत इन क्लीनिक को स्थापित किए जाने के मकसद से कुल 108 स्थलों को चिन्हित किया गया है।

---

## सत्र 21 जुलाई से चल रहा लेकिन निचले सदन में केवल दो दिन हुआ प्रश्नकाल

# संसद में एसआईआर पर चर्चा को लेकर गतिरोध बरकरार, कार्यवाही स्थगित

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▸▸ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर पिछले कुछ दिनों की तरह सोमवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के के कारण सदन की कार्यवाही पहले सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी और फिर दो बजकर 15 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे फिर से आरंभ होने पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही।

हंगामे के बीच ही आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखे गए और सदन ने सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की दूसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सांविधिक संकल्प को स्वीकृति दे दी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह सांविधिक संकल्प पेश किया था। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की और खेल से संबंधित दो विधेयकों को पारित करने की जरूरत पर जोर दिया। विधायी कार्यों की सूची में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 सूचीबद्ध थे। पाल ने कहा कि आज दो बहुत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। सरकार 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रही है।



देश के खेल और खिलाड़ियों के लिए इससे कुछ महत्वपूर्ण विधेयक नहीं हो सकते।' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि खेल शासन विधेयक काफी समय से लंबित है। न्यायालय ने भी कहा है कि खेल में सुशासन के लिए एक अच्छा कानून बनाया जाए। सदस्यों से आग्रह है कि इस पर चर्चा करें।" पीठासीन सभापति पाल ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा कि आप चुनकर आएं ताकि कानून बना सकें, लेकिन मानसून सत्र में अब तक एक भी विधेयक पारित नहीं हो सका। देश की जनता देख रही है कि आप कानून बनाने के बजाय हंगामा कर रहे हैं।" हंगामा नहीं थमने पर पाल ने सदन की कार्यवाही दो बजकर 15 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



### लोस अध्यक्ष ने नारेबाजी और तख्तियां दिखाने पर जताई निराशा

*लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी-अपनी सीट पर बैठने का आग्रह करते हुए कहा, "मैंने पहले भी आपसे कहा है और फिर से कह रहा हूं कि प्रश्नकाल बहुत महत्वपूर्ण समय होता है।" उन्होंने सदस्यों के नारेबाजी करने और तख्तियां दिखाने पर निराशा प्रकट करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों के आचरण को देश देख रहा है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी और निचले सदन में दो दिन, गत मंगलवार-बुधवार को प्रश्नकाल हो पाया था।*

### विपक्ष को सदन चलने देना चाहिएः किरेन रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि आज बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है। हम विपक्ष की मांग पर इन दो विधेयकों को चर्चा के लिए लाए हैं, लेकिन विपक्ष खेल और खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा करने के बजाय हंगामा कर रहा है।" विपक्ष की यह हरकत युवाओं के खिलाफ है। रीजीजू ने कहा कि विपक्ष को सदन चलने देना चाहिए। खेल मंत्री विधेयक पर चर्चा के लिए तैयार हैं।"

### सोरेन को श्रद्धांजलि दी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया और उन्हें एक ऐसे महान व्यक्तित्व के रूप में याद किया जिन्होंने आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा की और झारखंड के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन का सोमवार को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में निधन हो गया, जहां वह गुर्दे संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से अधिक समय से भर्ती थे। भाजप) के सांसद दीपक प्रकाश ने संसद परिसर में कहा कि आज शिबू सोरेन जी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वह झारखंड के गरीबों और आदिवासियों की आवाज थे। झारखंड का मतलब शिबू सोरेन था। उन्होंने एक अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ी और अटल (बिहारी वाजपेयी) जी की सरकार के दौरान ही झारखंड का गठन हुआ।"

### तृणमूल ने अभिषेक को अपना नेता नामित किया

**कोलकाता (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को सोमवार को लोकसभा में अपना नेता नामित किया। सूत्रों ने बताया कि डायमंड हार्बर से तीन बार के सांसद बनर्जी वरिष्ठ नेता सुदीप बंद्योपाध्याय का स्थान लेंगे जो कोलकाता उत्तर से सांसद हैं। बंदोपाध्याय को उनके खराब स्वास्थ्य के कारण इस जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। यह फैसला तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की अध्यक्षता में सांसदों की बैठक में लिया गया।



### पिछले पांच वर्षों में 7.08 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गईः सरकार

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने लोकसभा में कहा कि केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों में लगभग 7.08 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया है, जिसमें लगभग 1.79 लाख करोड़ रुपये की 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) धोखाधड़ी भी शामिल है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में जानकारी दी। चौधरी द्वारा लोकसभा में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में, सीजीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 2.23 लाख करोड़ से अधिक कीजीएसटी चोरी का पता लगाया गया।

### यूके संसद की उपसभापति नुसरत गनी ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से भेंट की

नई दिल्ली(ब्यूरो)। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की डेप्युटी स्पीकर नुसरत गनी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी से भेंट की। बातचीत के दौरान, दोनों पीठासीन अधिकारियों ने भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नियमित रूप से संसदीय आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने पर विचार-विमर्श किया। दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूके की सफल यात्रा, जिसके दौरान ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (इंडिया-यूके कॉम्प्रीहेंसिव इकोनोमिक ट्रेड एग्रीमेंट) (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### महाराष्ट्र में मराठी बनाम गैर मराठी तनाव नहींः फड़णवीस

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने सोमवार को कहा कि राज्य में मराठी और गैर-मराठी के बीच कोई तनाव नहीं है तथा दोनों में किसी के भी साथ कोई अन्याय नहीं हो रहा है। फड़णवीस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे को भाषा से जुड़े भावनात्मक मुद्दे में न पड़ने की सलाह भी दी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य में भाषा को लेकर विवाद राजनीतिक कारणों से पैदा किया जा रहा है। महाराष्ट्र में भाषा के मुद्दे पर दुबे की ओर से पिछले महीने की गई विवादास्पद टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने अपने पार्टी सहयोगी को सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि झारखंड से सांसद दुबे को 'मराठी बनाम गैर-मराठी' मुद्दे में नहीं पड़ना चाहिए, जिसे राजनीतिक कारणों से खड़ा किया जा रहा है। फडणवीस ने कहा, "हम इससे निपटने में सक्षम हैं। यहां मराठी और गैर-मराठी के बीच कोई तनाव नहीं है। दोनों में से किसी के भी साथ कोई अन्याय नहीं हो रहा है।



### उपराष्ट्रपति चुनावः साझा प्रत्याशी से एकजुटता दिखाना चाहती है कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी है लेकिन कांग्रेस साझा उम्मीदवार को मैदान में उतारकर विपक्षी एकता का संदेश देने के साथ एनडीए के सहयोगी दलों को असमंजस में डालने की रणनीति बना रही है। विपक्ष के साझा उम्मीदवार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अगस्त को डिनर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ मंथन करेंगे। पार्टी की योजना बिहार या आंध्रप्रदेश के किसी नेता को उम्मीदवार बनाने की है, जिससे भाजपा के दो सबसे बड़े सहयोगियों टीडीपी व जदयू को असमंजस में डाला जा सके। इस चुनाव के बहाने कांग्रेस की नजर विपक्षी एकता कायम कर शक्ति प्रदर्शन करने और एनडीए को असमंजस में डालने पर है। दरअसल, भाजपा अपने दम पर चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है। उसे हर हाल में अपने दोनों सबसे बड़े सहयोगियों जदयू-टीडीपी का समर्थन चाहिए। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि अगर विपक्ष का उम्मीदवार आंध्रप्रदेश या बिहार से हुआ तो क्षेत्रीय भावनाओं के साथ संतुलन बैठाने के लिए नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू उलझन में होंगे।



### मसौदा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने का कोई दावा नहीं कियाः आयोग

**नई दिल्ली (भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि एक अगस्त को बिहार की मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद से किसी भी राजनीतिक दल ने दस्तावेज से किसी व्यक्ति का नाम शामिल करने या हटाने के लिए उससे संपर्क नहीं किया है। मसौदा सूची को लेकर एक सितंबर तक आपत्तियां और दावे दर्ज कराए जा सकते हैं। इसके तहत दल और व्यक्ति छूटे हुए पात्र नागरिकों को शामिल करने और उन लोगों को बाहर करने की मांग कर सकते हैं जिन्हें वे अयोग्य मानते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि एक अगस्त को दोपहर तीन बजे से 4 अगस्त (सोमवार) को दोपहर बाद 3 बजे के बीच, दलों द्वारा नियुक्त किसी भी बूथ-स्तरीय एजेंट ने दावे और आपत्ति प्रक्रिया में चुनाव अधिकारियों से संपर्क नहीं किया है। आयोग ने कहाकि अब तक 1,927 व्यक्तियों ने नाम शामिल करने या हटाने के लिए उससे संपर्क किया है। यह मसौदा सूची आयोग द्वारा जारी बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का हिस्सा है, जिसका विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

- अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी

### अमित शाह ने की लोगों से स्वतंत्रता दिवस से पहले घरों पर तिरंगा फहराने की अपील

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सभी नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस से पहले अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक निर्दिष्ट पोर्टल पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने की अपील की। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देश के लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह अभियान अब हर व्यक्ति से जुड़ गया है और इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि मैं सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील करता हूं कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ सेल्फी 'हरघरतिरंगा डॉट कॉम' पर अपलोड करें।" 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तत्वावधान में हुई थी जिसके तहत लोगों को राष्ट्रीय ध्वज घर लाने और भारत की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में इसे फहराने को प्रोत्साहित किया जाता है।



## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले बैठक राजनीतिक दृष्टि से अहम

# आज एनडीए सांसदों को संबोधित करेंगे मोदी

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को भाजपा नीत राजग की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करेंगे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों की इस तरह की बैठक लंबे अंतराल के बाद हो रही है। राजग की यह बैठक सात अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने से कुछ दिन पहले हो रही है। राजग को अपने उम्मीदवार की घोषणा 21 अगस्त तक करनी होगी, जिसका निर्वाचन निर्वाचक मंडल में गठबंधन के बहुमत के कारण निश्चित माना जा रहा है। बैठक ऐसे सत्र के बीच में हो रही है, जिसमें अब तक लगभग कार्यवाही अवरुद्ध रही है और केवल पहलगाम हमले तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दो दिवसीय विशेष चर्चा हो पाई है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ लगातार दोनों सदनों में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बैठक में कई समसामयिक मुद्दों पर बोल सकते हैं। इस बैठक में संसदीय दल प्रधानमंत्री को पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार की सैन्य प्रतिक्रिया के लिए सम्मानित भी कर सकता है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोस व रास के सदस्य शामिल होते हैं, और इसकी वर्तमान संख्या 782 है। यदि विपक्ष भी किसी उम्मीदवार का नाम घोषित करता है, जो एक स्पष्ट संभावना है, तो चुनाव 9 सितंबर को होना तय है। पिछले साल हुए लोस चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं कर पाई थी।

### पीएम ने दो जुलाई को ऐसी ही बैठक ली थी



*प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले दो जुलाई को ऐसी बैठक को संबोधित किया था। हालांकि, पिछले कुछ सत्रों में ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है। पिछले लोकसभा चुनावों से पहले, वह भाजपा संसदीय दल की साप्ताहिक बैठकों को संबोधित करते थे, जिसमें अब पार्टी के सहयोगी दलों जैसे तेदेपा, जद (यू) और लोजपा (रामविलास) के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाता है। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी अकसर राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हैं तथा कभी-कभी संसद में सरकार के एजेंडे पर भी बात करते हैं। वह अकसर सांसदों को सार्वजनिक रूप से, खासकर उनके निर्वाचन क्षेत्रों में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर देते हैं।*

---

## नीतीश कुमार ने शिक्षकों की भर्ती के लिए 'डोमिसाइल' नीति की घोषणा की

भाषा ▸▸ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी शिक्षकों की भर्ती में 'डोमिसाइल' नीति की सोमवार को घोषणा की। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि राज्य में जन्मे और पले-बढ़े लोगों के लिए कितने प्रतिशत भर्तियां आरक्षित होंगी।

यह घोषणा राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले की गई है। कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों (डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है।

शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने के दिए निर्देश



नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 से ही लागू की जाएगी जो इस साल होगी। वहीं वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द

रपट नं-28 दिनांक 30.07.2025 धारा 194 बीएनएसएस
थाना सदर सफीदों, जिला जींद।

नाश की पहचान बारे



नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश हांसी ब्रांच नहर नजदीक गांव सघांना पुल के पीछे मिली है।
जिसे नागरिक हस्पताल सफीदों में पहचान के लए रखा गया है।
नाश का हुलया- कद 5 फुट, उम्र करीब 40-45, नाश के शरीर पर हरा रंग का ब्लाउज नीचे गुलाबी रंग का लवर, नाक में कोका सुनहरे रंग का, दाहिने हाथ में दो कडे आर्टी फश्यल कडे पीतल व बाये हाथ में एक आर्टी फश्यल कड़ा पीतल डला हुआ है।
इसके बारे कोई भी व्यक्ति प्रबन्धक अफसर थाना सदर सफीदों 8810411519. अनुसधांन कर्ता मों नं.-9466540442 पर सूचना दे सकता है।

प्रबन्धक अफसर, थाना सदर सफीदों।

पीआरडीएच-1084/11/3713/2026/37274/88/6 दि. 04.08.25

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 287 दिनांक 29.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे-



नाम- लाली देवी
पिता/पति- पत्नी देवी सिंह
पता - निवासी गांव सीसर खास जिला रोहतक
उम्र- 75 वर्ष
कद - 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, बायें तरफ नाक पर मस का निशान।
पहनावा- पीले रंग की साडी व पैरों में चप्पल पहने हुए है ।
दिनांक 29.07.25 को लाली देवी पत्नी देवी सिंह निवासी गांव सीसर खास जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9991462012

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 229 दिनांक 02.08.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे-



नाम- टिंकू
पिता/पति- पुत्र हवासिंह
पता - निवासी गांव सुंडाना जिला रोहतक
उम्र- 32 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर।
पहनावा - नीले रंग की टी शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 02.08.25 को टिंकू पुत्र हवासिंह निवासी गांव सुंडाना जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा। यदि
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9996813388

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 328 दिनांक 02.08.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे-



नाम- संजय
पिता/पति- पुत्र धनपत
पता - निवासी शिवनगर नजदीक भिवानी चुंगी रोहतक
उम्र- 30 वर्ष
कद- 5 फुट 5 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, पतला शरीर ।
पहनावा - पता नहीं।
दिनांक 02.08.25 को संजय पुत्र धनपत निवासी शिवनगर नजदीक भिवानी चुंगी रोहतक जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8814038021

पीआरडीएच-1084/11/3714/2026/37301/88/6 दि. 04.08.25

## उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/मा. से. उत्तर रेलवे, अंबाला मण्डल, आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से अंबाला डिविजन के विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के ब्रेक वैन के SLR/SLRD कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 MT/3.9 MT) के लीज के लिए 02 वर्ष की अवधि हेतु बोली आमंत्रित करते हैं, निम्नलिखित विवरण के अनुसारः–

| क्रमांक | नीलामी कैटलॉग संख्या | नीलामी प्रारंभ दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्ति दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-09-2025 (08 लॉट्स) | 14.08.2025 / 12:00 बजे | 14.08.2025 / 13:40 बजे |

| क्रमांक | ट्रेन विवरण | ट्रेन संचालन के दिन | वहन क्षमता (टन में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 14218 Ex. CDG-PYGS (FSLR) | दैनिक | 3.9 |
| 2. | 22456 Ex. KLK-SNSI (FSLR-I) | रविवार एवं गुरुवार | 4.0 |
| 3. | 12218 Ex. CDG-TVCN (RSLR) | बुधवार एवं शुक्रवार | 3.9 |
| 4. | 14242 Ex. SRE-PYGS (RSLR-I) | दैनिक | 4.0 |
| 5. | 12232 Ex. CDG-LKO (FSLR) | दैनिक | 3.9 |
| 6. | 22356 Ex. CDG-PPTA (RSLR) | सोमवार एवं गुरुवार | 3.9 |
| 7. | 14524 Ex. UMB-BJU (RSLR-I) | मंगलवार एवं शनिवार | 4.0 |
| 8. | 15744 Ex. BTI-BLGT (FSLR) | रविवार, मंगलवार, गुरुवार एवं शुक्रवार | 3.9 |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी लीजिंग प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है। **2366/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## Horticulture Department, Haryana

Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

### ई-निविदा सूचना

उप निदेशक उद्यान, IHDC, सुन्दरह, द्वारा बागवानी विभाग हरियाणा के सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ में स्थित एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह में जॉब रोल बेसिस पर मेनियल व अन्य कार्यों के लिए दर अनुबंध हेतु ई-निविदा आमंत्रित कि जाती है। आयोजन कि महत्वपूर्ण तिथियां निम्नलिखित है:-

| क्र.सं. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ तिथि | 05.08.2025 | दोपहर 12.00 बजे |
| 2. | बोली जमा करने और ईएमडी की अंतिम तिथि | 26.08.2025 | अप. 05.00 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली का खुलना | 27.08.2025 | अप. 04.00 बजे |
| 4. | वित्तिय बोली का खोलना | 29.08.2025 | अप. 04.00 बजे |

ईएमडी राशि 60000/- रूपए (केवल साठ हजार रूपए) होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को सुरक्षित इलैक्ट्रॉनिक गेटवे कि सेवा का उपयोग करके अनिवार्य रूप से 1180/- रूपए (एक हजार एक सौ अस्सी रूपए मात्र) का ई-सेवा शुल्क (वापसी योग्य नहीं) और 1180/- रूपए (एक हजार एक सौ अस्सी रूपए मात्र) का निविदा दस्तावेज शुल्क (वापसी योग्य नहीं) ऑनलाइन भुगतान करना होगा। सुरक्षित इलैक्ट्रॉनिक भुगतान गेटवे और ऑनलाइन भुगतान प्राधिकरण नेटवर्क के बीच एक ऑनलाइन इंटरफेस है। विस्तृत विवरण नियम और शर्तें ई-टेंडर पोर्टल यानी https://etenders.hrv.nic.in पर दिनांक 05.08.2025 को दोपहर 12:00 बजे से उपलब्ध निविदा दस्तावेजों में निर्दिष्ट हैं।

हस्ता/-
उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/896/2026/37293/88/6 दि. 04.08.25

## चिंतन

# पिंजरे में बंद तोते की छवि से कब आजाद होगी सीबीआई

सीबीआई एक बार फिर पिंजरे के तोते के दृष्टिकोण को सही साबित करती नजर आ रही है। दिल्ली की पूर्ववर्ती आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए भर्ती घोटाले के आरोपी बनाए गए सत्येन्द्र जैन के खिलाफ चार वर्ष जांच करने के बाद सीबीआई ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। वह इसलिए कि सीबीआई भ्रष्टाचार के एक भी सबूत अदालत में पेश नहीं कर पाई। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या सीबीआई बिना पुख्ता सबूत के ही आरोप लगा देती है? दिल्ली में विधानसभा चुनाव से कुछेक महीने पहले आम आदमी पार्टी के कई नेता व मंत्री किसी न किसी आरोप में जेल भेजे गए और बाद में सीएम रहे अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद किए गए। सीबीआई अगर तथ्य के साथ आरोप लगा रही थी, नेता जेल भेजे जा रहे थे, तो बाद में सबको जमानत कैसे मिलती गई और अब उसे सत्येन्द्र जैन के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट क्यों दाखिल करनी पड़ी है? क्या सीबीआई के पास जवाब है कि उसकी गैरजिम्मेदाराना हरकत की वजह से देश में कई नेताओं की सार्वजनिक छवि खराब हुई है? क्या सीबाआई इसकी भरपाई कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने करीब बारह वर्ष पहले 9 मई, 2013 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की खामियों से भरी कार्यप्रणाली के चलते उसे पिंजरे में बंद तोता कहा था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था, 'सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है। इस तोते को आजाद करना जरूरी है। सीबीआई एक स्वायत्त संसथा है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए।' पिछले वर्ष 2024 में आम आदमी के पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट की ऐसी ही सख्त टिप्पणी थी कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि से बाहर आना होगा और दिखाना होगा कि अब वह पिंजरे में बंद तोता नहीं रहा। शायद सीबीआई ने कभी अपने अधिकार व स्वायत्ता को लेकर निष्पक्षता से मंथन ही नहीं किया है। केंद्र में जिनकी भी सरकार रही है, इस दौरान सीबीआई का दुरूपयोग होती रही है। वर्ष 2024 में, सीबीआई ने सबूतों की कमी के कारण 174 मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जो किसी भी वर्ष में एजेंसी द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इससे पहले, 2023 में 62 और 2022 में 32 मामले सबूत न होने से बंद हुए थे। वर्ष 2024 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयंत नटराजन, प्रणय और राधिका रॉय, आईपीएल में सट्टेबाजी आदि केसों में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी जमीन घोटाले में जमानत पर बाहर निकल गए। आंकड़ों के हिसाब से सीबीआई की सफलता दर काफी अच्छी है, लेकिन राजनीतिक मामलों में सीबीआई अक्सर सबूत जुटाने में असफल साबित हुई है। 2024 में सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड 1,467 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 1,293 चार्जशीट हुई थी। सीबीआई देश की भरोसेमंद जांच एजेंसी है, इस पर बार-बार सवाल उठना चिंता की बात है। सीबीआई के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगना चाहिए। इस जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास नहीं डगमगाना चाहिए, इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सीबीआई की स्वायत्ता की रक्षा करे। पूर्व में ईडी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाना चाहिए। देश में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि पुख्ता सबूत पेश किए जाने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी हो।



## विश्लेषण

डॉ अश्वनी महाजन

# ब्रिक्स से ट्रंप इसलिए हैं परेशान

**ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ सहयोग हो।**

गत माह में ही 6-7 जुलाई को ब्राज़ील में ब्रिक्स का 17वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस शिखर सम्मेलन का महत्व यह है कि इसमें सभी 10 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें चार सदस्य, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहली बार सदस्य देश के रूप में भाग लिया था; और इंडोनेशिया, जो 2025 के शुरू में पहली बार सदस्य देश के रूप में शामिल हुआ और ब्रिक्स का सदस्य बनने वाला पहला दक्षिण पूर्व एशियाई देश बन गया। अब ब्रिक्स, अपने विस्तारित रूप में, ब्रिक्स प्लस के रूप में जाना जाता है, यह शब्द पहली बार 2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस्तेमाल किया गया। सवाल है कि क्या ब्रिक्स पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती दे रहा है? आखिर ब्रिक्स से ट्रंप परेशान क्यों हैं?

ब्रिक्स आज दुनिया के ज्ञात विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रभाव को चुनौती दे रहा है। अगर हम इस समूह के पहले पाँच देशों, ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पर नज़र डालें, तो 2010 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान 18% था। 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इन देशों की हिस्सेदारी बढ़कर 26.5 प्रतिशत हो जाएगी। अब उन्होंने पश्चिम के आधिपत्य को चुनौती देना शुरू कर दिया है। डी-डॉलराइज़ेशन, यानी व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करके, पश्चिमी ब्लॉक के आधिपत्य को तोड़ने की आवाज़ें मुखर हो रही हैं। इसने वास्तव में अमेरिका के वित्तीय और भू-राजनीतिक आधिपत्य को ख़तरा पैदा करना शुरू कर दिया है। यह भारत, चीन और रूस को विश्व मंच पर एक मज़बूत आवाज़ देता है। यह डॉलर और पश्चिमी संस्थानों से दूर वैश्विक आर्थिक पुनर्संरेखण को बढ़ावा देता है। यह एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक है, जिसका ट्रम्प समर्थन नहीं करते। हाल ही में ब्रिक्स के विस्तार के साथ, जिसमें 5 नए सदस्य शामिल हुए हैं, पश्चिमी ब्लॉक, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंताएं बढ़ गई हैं।

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। इसके प्रमुख कारण इस प्रकार हैं: डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। ब्रिक्स देश व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप हमेशा अमेरिका फर्स्ट पर ज़ोर देते रहे हैं, और देशों के डॉलर से दूर जाने का विचार निश्चित रूप से अमेरिकी आर्थिक प्रभाव और प्रतिबंधों की शक्ति को कमज़ोर करने वाला है।

दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स खुद को जी7, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी संस्थाओं के प्रतिकार के रूप में स्थापित कर रहा है। ब्रिक्स जैसे नए और शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन निश्चित रूप से अमेरिकी वर्चस्व के लिए एक चुनौती पेश करते हैं।

तीसरा, ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। वह ब्रिक्स को बहुध्रुवीयता



की आड़ में चीन के वैश्विक विस्तार के एक माध्यम के रूप में भी देखते हैं। चौथा, सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। गैर-डॉलर मुद्राओं (जैसे, युआन या ब्रिक्स मुद्रा) में तेल व्यापार की संभावना है, जो पेट्रोडॉलर प्रणाली को कमजोर करेगा। पाँचवाँ, ट्रम्प ब्रिक्स के विस्तार को इस बात का संकेत मानते हैं कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) पश्चिमी प्रभाव से दूर जा रहा है और अपना स्वतंत्र समूह बना रहा है। छठा, अमेरिका को छोड़कर किसी भी गैर-पश्चिमी समूह के उदय को व्यक्तिगत और राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा जाता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, जो अमेरिका की भागीदारी के बिना विश्व व्यवस्था के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, उन्हें 'अमेरिकी प्रतिष्ठा' के लिए खतरा माना जाता है—जिसे ट्रंप बहुत महत्व देते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिक्स के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी नाखुशी जताई है और ब्रिक्स देशों पर ज़्यादा टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। उन्होंने ब्राज़ील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पहले ही कर दी है।

हालाँकि, भारत ब्रिक्स का सदस्य है, लेकिन उसका रुख ज़्यादा सूक्ष्म, संतुलित और व्यावहारिक है। जिससे वह अन्य ब्रिक्स देशों से अलग दिखाई देता है। भारत का रुख स्पष्ट रुप से उसके राष्ट्रीय हितों, रणनीतिक स्वायत्तता और बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं से प्रभावित है। हालाँकि, भारत रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और अन्य आर्थिक समझौतों को बढ़ावा देकर और इस तरह डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपये के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपये में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज़्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है।

भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है, न कि टकराव के लिए। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ वैश्विक दक्षिण की आवाज़ों का बेहतर प्रतिनिधित्व हो। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार लाने की मांग करता रहा है, जिनके बारे में मानना है कि ये पश्चिमी प्रभुत्व वाली हैं और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करतीं। इसी संदर्भ में, भारत की जी-20 अध्यक्षता में, वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधारों पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। भारत ब्रिक्स का उपयोग सतत विकास के लिए करता है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चर्चा में

विनोद पाठक



# ...जब हुई समोसे के आकार पर राष्ट्रीय बहस की मांग


वर्ष 1997 में फिल्म आई थी 'मिस्टर एंड मिसेस खिलाड़ी'। फिल्म में एक गाना है, 'जब तक रहेगा समोसे में आलू...'। फिल्म और गाना, दोनों हिट हुए थे, पर हम आज फिल्म नहीं समोसे की चर्चा कर रहे हैं। समोसे के आकार और कीमत को लेकर गोरखपुर से भाजपा सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने नई बहस छेड़ दी है। सांसद महोदय ने संसद में एक चर्चा के दौरान कहा कि समोसे का आकार और कीमत फिक्स होनी चाहिए। हालांकि, हम आज चर्चा सांसद रवि किशन की मांग की नहीं, समोसे और भारत में इसकी लोकप्रियता की कथा की कर रहे हैं। समोसे की भारतीय कहानी बड़ी दिलचस्प है। इतिहासकारों के अनुसार समोसे की उत्पत्ति मध्य एशिया और मध्य पूर्व में हुई। वहां इसे संभूसक, संबूसा या संभूसा नाम से जाना जाता था। 10वीं से 13वीं शताब्दी के बीच फारसी और अरबी ग्रंथों में समोसे का उल्लेख मिलता है। उस समय यह एक छोटा तिकोना आकार का मीट या सूखे मेवों से भरा पेस्ट्री स्नैक होता था, जिसे घी में तला जाता था। भारत में यह 13वीं या 14वीं शताब्दी में मुस्लिम व्यापारी, सूफी संत और फारसी भाषी शासकों द्वारा लाया गया। प्रसिद्ध विद्वान अमीर खुसरो और इतिहासकार इब्न बतूता ने अपनी किताबों में समोसे का उल्लेख किया है।

समोसा दरबार से निकलकर कब आम आदमी का नाश्ता बन गया, यह किसी को पता नहीं चला। इसका कवर मुख्य रूप से मैदा का होता है। अलग-अलग स्थानों पर इसमें अलग-अलग सामग्री भरकर तेल या घी में तला जाता है। जहां उत्तर भारत में इसे समोसा, वहीं बिहार में झारखंड में इसे सिंघाड़ा कहते हैं। पश्चिम बंगाल में यह शिंगाड़ा हो जाता है। गुजरात में इसे पटोड़ी समोसा कहते हैं। इंदौर में त्रिकोण आकार की पेटीज को भी बिना तला समोसा कह देते हैं। बिहार के कुछ जिलों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में समोसे पर सरसों का तेल डालकर खाने का चलन है। पश्चिम बंगाल में समोसे में फूलगोभी व मूंगफली भरी जाती है और नींबू निचोड़कर इसे खाया जाता है। दक्षिण भारत में समोसे का आकार थोड़ा छोटा होता है। इसमें नारियल और सब्जियां या हल्के मसाले भरे होते हैं, जबकि उत्तरी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में तीखे मसालेदार समोसे का चलन है। गुजरात और महाराष्ट्र में समोसे में मीठा और खट्टा स्वाद मिलाया जाता है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश में मुख्य रूप से आलू भरा त्रिकोणीय समोसा मिलता है। हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्र में चौकोर या आयताकार समोसा मिलता है, जिसे लुचमी कहते हैं। इसे स्थानीय रूप से लुखमी भी कहा जाता है, जिसमें आमतौर पर मटन या कीमा भरा होता है। पश्चिम बंगाल और बिहार में समोसा अर्धचंद्राकार भी बनता है। यह पूरी तरह से सील किया होता है। दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में समोसा गोल आकार का बनाया जाता है। इसकी बनावट उत्तर भारतीय कचौड़ी जैसी होती है। कुछ स्थानों पर पतले त्रिकोण आकार के समोसे भी बनते हैं। इन्हें मिनी या पंजाबी कॉकटेल समोसा कहते हैं। रतलाम में समोसे पर सेव नमकीन डालकर खाने का चलन है। प्रयागराज के छोटे आकार के हींग के समोसे प्रसिद्ध हैं। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के इगलास का समोसा बड़े आकार का होता है, यह सामान्य रूप से मिलने वाले समोसे से डेढ़ गुना अधिक बड़ा होता है। हरिद्वार में कुछ दुकानों पर 8 इंच, 15 इंच और 20 इंच तक बड़े समोसे बनाए जाते हैं। इन्हें भारत का सबसे बड़ा समोसा कहा जाता है। इन समोसों में पनीर, आलू मटर और ड्राई फ्रूट्स होते हैं। कई जगह दही या छोले डालकर समोसा खाया जाता है।

आज समोसा वैश्विक हो गया है। इंग्लैंड में भारतीय रेस्टोरेंट्स में आमतौर पर वेजिटेबल समोसा मिलता है। अफ्रीकी देशों में समोसे को समोसा ही कहा जाता है, लेकिन इसमें मीट प्रमुख रूप से भरा होता है। मध्य एशियाई देशों में समोसा ओवन में बेक किया जाता है। कैरेबियाई देशों, जहां भारतवंशी समुदाय बड़ी संख्या में रहता है, में अपने स्वादानुसार समोसे को ढाल लिया गया है। वैसे, समोसा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कर चुका है। लंदन में एक चैरिटी संस्थान ने वर्ष 2017 में 153.1 किलोग्राम का समोसा बनाया था। दुनिया की जुबान पर जहां समोसे का स्वाद चढ़ चुका है, वहीं यह एक बड़े कारोबार का स्वरूप भी ले चुका है। भारत में वर्ष 2025 में स्नैक फूड मार्केट करीब 1.45 लाख करोड़ रुपए का रहने वाला है, इसमें समोसा प्रमुख रूप से शामिल है। ऐसा माना जाता है कि भारत में रोजाना 6 करोड़ समोसे-कचौड़ी बिकते हैं। इसकी सालाना बिक्री 22,000 करोड़ से 33,000 करोड़ रुपए के बीच बताई जाती है। आज समोसे को लेकर कई नए ब्रांड उभरे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

# छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित

**दर्शन**

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

**प्रेरणा**

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी। वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया। तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमेरिका से सावधान रहे भारत

अमरीका विशुद्ध रूप से सदैव अपने व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देता रहा है और उसे किसी की मैत्री या उन्नति से सरोकार नहीं, दुनिया के किसी देश से उसकी स्थायी दोस्ती नहीं। उसने 1965, 1971 और 2025 में भी भारत को ठुकरा कर पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से दोस्ती की और भारत को रूस से अलग करने की चाल चली है। वह नहीं चाहता रूस-भारत मैत्री पक्की रहे। भारत को पश्चिम की चालों से बचकर अपने पड़ोसी चीन से रिश्ते सुधारने चाहिए। पश्चिम ने पहले भी घाव ही दिए और आगे भी शोषण ही करेगा। भारत में अटल जी के शासन काल में अमरीका के प्रतिबंध बेअसर रहे और अब भी 25 फीसदी टैरिफ निष्प्रभावी होगा। हमें लुक ईस्ट की नीति पर चलकर जांचे-परखे मित्र रूस से संबंध और प्रगाढ़ करने होंगे। अमरीका की चालों से बचना है। *- वैभव देशमुख, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार प्रदर्शन



भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। टीम इंडिया ने इस कड़े मुकाबले में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, जिससे आज की जीत उनकी हक़दार रही। इस अविश्वसनीय टेस्ट सीरीज़ में जीत के लिए टीम को बधाई।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### सारे केस झूठे



आप नेताओं के खिलाफ़लगाये गए सारे केस झूठे हैं। समय के साथ सभी केसों में सच्चाई सामने आ जाएगी। जिन लोगों ने ये झूठे केस लगाए और जिन नेताओं के कहने पर ये झूठे केस लगाए, क्या उन सबको जेल नहीं भेजना चाहिए?

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### गर्व की बात



यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैंने अपनी चौथी पुस्तक "डिफरेंट बट नो लेस" हमारे भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भेंट की।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर


# हिरोशिमा में आज भी मृतकों के अवशेष की तलाश जारी

जब 80 वर्ष पूर्व छह अगस्त को पहला परमाणु बम विस्फोट हुआ था, तो हजारों मृतकों को आत्मघाती हमले के लिए प्रशिक्षित सैन्य नौकाओं द्वारा हिरोशिमा के दक्षिण में स्थित छोटे से ग्रामीण द्वीप निनोशिमा लाया गया था। आठ दशक पहले (80 वर्ष पूर्व) छह अगस्त 1945 को हुए परमाणु हमले के बाद अब भी हिरोशिमा के नजदीकी द्वीप पर मृतकों के अवशेष की तलाश जारी है। कई पीड़ितों के कपड़े जल गए थे और उनके चेहरे और अंगों से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। वे दर्द से कराह रहे थे। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, खराब चिकित्सा और देखभाल के कारण 25 अगस्त को जब फील्ड अस्पताल बंद हुआ तब केवल कुछ सौ लोग ही जीवित बचे थे। मृतकों को अव्यवस्थित और जल्दबाजी में चलाए गए अभियानों के बीच विभिन्न स्थानों पर दफनाया गया। दशकों बाद इस क्षेत्र के लोग लापता लोगों के अवशेषों की तलाश कर रहे हैं ताकि पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके। इसका मकसद उन बचे लोगों को राहत पहुंचाना भी है जो अब भी अपने लापता प्रियजनों को याद में दुखी हैं। हिरोशिमा विश्वविद्यालय के शोधकर्ता रेबुन कायो मृतकों के अवशेषों की खोज के लिए नियमित रूप से निनोशिमा जाते हैं।



## ऑफ बीट

# आपके फोन में भी हैं कीटाणु सावधानी से करे सफाई



हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं। लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं - आपका मोबाइल फोन। विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं। -फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की

# सिराज का करिश्माई प्रदर्शन, इंग्लैंड से छीनी जीत

## 23 विकेट लेकर सिराज बने सीरीज के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



### यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं

इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया । इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी ।

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी, जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी।



### दर्ज की रोमांचक जीत

सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे लेकिन अंततः सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला मैच पांच विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने बर्मिंघम में जोरदार वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। लाड्र्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम ने 22 रन की रोमांचक जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद भारत ने जो रूट और हैरी ब्रूक की शतकीय पारियों के बावजूद चौथी शाम चार विकेट चटकाकर जोरदार वापसी की और फिर श्रृंखला के अंतिम दिन जीत दर्ज की।

### सिराज का शानदार प्रदर्शन

सिराज इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 23 विकेट लिए। उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल हासिल किया। उनके बाद जोश टंग ने 3 टेस्ट में 29.05 की औसत के साथ 19 सफलताएं हासिल की। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने 4 टेस्ट में 25.23 की औसत के साथ 17 सफलताएं हासिल की। दिलचस्प रूप से इस सीरीज में सिराज ने गेंदबाजी करते हुए 1,000 से अधिक गेंदें की।

## हर कप्तान का सपना है सिराज जैसा गेंदबाज : गिल

लंदन। भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर का 'उचित प्रतिबिंब' करार दिया। श्रृंखला में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की जिनके द ओवल में मैच में नौ विकेट की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की और श्रृंखला बराबर की। गिल ने कहा, 'सिराज किसी भी कप्तान का सपना है। उन्होंने हर गेंद और हर स्पैल में अपना सब कुछ झोंक दिया। 2-2 की बराबरी एक उचित प्रतिबिंब है। यह दर्शाता है कि दोनों टीम कितने जोश से भरी थीं और उन्होंने कितना अच्छा खेला।' कप्तान ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी तारीफ की, जिन्होंने मैच में आठ विकेट लिए। वह हालांकि थोड़े महंगे साबित हुए।



### यह जीत अतुलनीय

इंग्लैंड के खिलाफ रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे पांचवें टेस्ट मैच में भारत की यादगार जीत के बाद टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल लोकेश राहुल ने इसे अपने अब तक के करियर की सबसे यादगार श्रृंखला करार दिया। राहुल ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए सब कुछ है। मैं पिछले कई साल से क्रिकेट खेल रहा हूं।

### टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | देश | रन |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 754 |
| जो रुट | इंग्लैंड | 537 |
| लोकेश राहुल | भारत | 532 |

### टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | देश | विकेट |
|---|---|---|
| मो. सिराज | भारत | 23 |
| जोश टंग | इंग्लैंड | 19 |
| बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 17 |

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : रीयल कश्मीर ने टीआरएयू को हराया

**इम्फाल।** मिडफील्डर रोहन सिंह के लंबी दूरी से दागे गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में टीआरएयू एफसी को 2-1 से हरा दिया। रीयल कश्मीर ने 24वें मिनट में मरात तारेक के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन अफरीदी बुयामायुम ने 26वें मिनट में गोल दागकर टीआरएयू को बराबरी दिला दी। रोहन ने इसके बाद 64वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे तीन अंक दिला दिए। रीयल कश्मीर अगले मैच में 10 अगस्त को नेरोका एफसी से भिड़ेगा जबकि टीआरएयू एफसी की भिड़ंत 12 अगस्त को भारतीय नौसेना से होगी।

### दीक्षा संयुक्त 46वें स्थान पर, यामाशिता को खिताब

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर मौसम से प्रभावित अंतिम दौर में पांच ओवर 77 के खराब प्रदर्शन के साथ एआईजी महिला ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।



दीक्षा ने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन वह आठ बोगी कर गईं, जिससे उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। जापान के मियु यामाशिता ने खिताब जीता, जिसके लिए उन्हें 14 लाख 62 हजार 500 डॉलर की राशि मिली।

### अक्टूबर में होगा तीरंदाजी लीग का पहला सत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की, जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरुष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है, जो 11 दिन तक चलेगा।




इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है । भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा ,' हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिए देश में खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।' विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा ,'इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा।

## नेशनल बैंक ओपन : क्लारा ने विंबलडन चैंपियन इगा को हराया, क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

### स्वियातेक के साथ हुआ उलटफेर, टॉसन से 7-6, 6-3 से हारी

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा के टोरंटो में इन दिनों नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के चौथे राउंड में डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एंट्री मारी। इसके साथ ही टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विंबलडन में मिली हार का बदला भी ले लिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने चेक रिपब्लिक की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया था।



#### रुबलेव विनर घोषित

इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7,7-6, 3-0 से आगे थे। थकान के कारण फोकिना ने बीच मुकाबले में कोर्ट छोड़ दिया और रुबलेव को इस मैच का विनर घोषित कर दिया गया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

#### शेल्टन ने दर्ज की 100वीं जीत

बेन शेल्टन ने राउंड ऑफ 16 में फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6(1) से हराकर अपने टूर-स्तरीय करियर की 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अगले दौर में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी. मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। अपने टूर-स्तर के करियर में अब 100-69 का रिकॉर्ड रखते हुए, शेल्टन 21वीं सदी में जन्मे आठवें और 100 जीत का आंकड़ा छूने वाले नौवें सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ी हैं। शेल्टन लगातार तीसरे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह विंबलडन में क्वार्टर फाइनल और पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, इस साल हार्ड कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 16-7 का है, जिसमें 'ऑस्ट्रेलियन ओपन' के सेमीफाइनल तक का सफर भी है।

## मेस्सी को दाहिने पैर में चोट, इंटर मियामी ने पुष्टि की,वापसी को लेकर नही बताई समय-सीमा

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

इंटर मियामी सीएफ ने क्लब के कप्तान लियोनेल मेस्सी को लेकर अपडेट जारी किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें मांसपेशियों में मामूली चोट लगी है। हालांकि, मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब ने 38 वर्षीय मेस्सी की वापसी को लेकर कोई समयसीमा नहीं बताई है। 'लीग्स कप' के फेज वन में नेकाक्सा के खिलाफ चेज स्टेडियम में हुए मुकाबले के शुरुआती मिनटों में चोट लगने के कारण मेस्सी को मैच से बाहर होना पड़ा। इंटर मियामी यह मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीतने में सफल रहा।



### असंतुलित होकर गिर पड़े थे मैस्सी

इंटर मियामी की ओर से जारी बयान में कहा गया, मेस्सी ने नेकाक्सा के खिलाफ लीग्स कप मुकाबले के दौरान मांसपेशियों में हुई तकलीफ की गंभीरता का आकलन करने के लिए मेडिकल टेस्ट करवाया, जिसकी वजह से उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। उनके दाहिने पैर में मांसपेशी चोट की पुष्टि हुई है। मेस्सी की वापसी मेडिकल टीम की मंजूरी और इलाज के प्रति उनके रेस्पॉन्स और क्लीनिकल प्रोग्रेस पर निर्भर करेगी। अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेस्सी गेंद को ड्रिबल करते हुए जब डिफेंस लाइन के बीच पहुंचे, तो कई डिफेंडर्स ने उन्हें घेर लिया, जिससे वह असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद उन्होंने हताशा में घास पर हाथ मारा। कुछ ही पलों बाद वह हेरॉन्स की बेंच के सामने बैठ गए, जहां इंटर मियामी की मेडिकल टीम ने उनका ट्रीटमेंट किया। इसके बाद मेस्सी खुद पैदल चलते हुए मैदान से बाहर गए और आगे की जांच के लिए टनल की ओर रवाना हो गए। कोच जेवियर माशेरानो ने 11वें मिनट में फेडेरिको रेडोंडो को मैदान पर उतारा।

अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

## छह मुक्केबाजों ने भारत के लिए पदक पक्के किए

भाषा ▶▶| बैंकॉक

दो महिला मुक्केबाजों और चार पुरुष मुक्केबाजों ने सोमवार को अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए छह और पदक पक्के कर दिए। प्रिया (महिला 60 किग्रा), पारांजल यादव (महिला 70 किग्रा), हर्ष (पुरुष 60 किग्रा), नीरज (पुरुष 75 किग्रा), रॉकी चौधरी (पुरुष 85 किग्रा) और इशान कटारिया (पुरुष 90 किग्रा से अधिक) ने अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। प्रिया ने जापान की सारी कोकुफू को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर भारत की जीत की शुरुआत की। हर्ष ने भी मंगोलिया के मुंख-एर्डीन एर्डेनेबोल्ड को इसी अंतर से मात दी। पारांजल चीन की मेंगे झांग को कड़े मुकाबले में हराकर सुबह के सत्र में भारत के लिए पदक पक्का करने वाली तीसरी मुक्केबाज बनीं। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय मुक्केबाज ने खंडित फैसले में 3-2 से जीत हासिल की। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ हो रहा है जो भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का मजबूत दल उतारा है जिसमें प्रत्येक आयु वर्ग में 20 मुक्केबाज हैं। रविवार को अंडर-22 वर्ग में भारत के दो पदक पहले ही पक्के हो चुके थे जब भावना शर्मा (महिला 48 किग्रा) और यात्री पटेल (महिला 57 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं। शाम के सत्र में नीरज ने भारत का विजय अभियान जारी रखा और चीनी ताइपे के जुन-झांग लिन को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद रॉकी चौधरी ने कजाखस्तान के अजातबेक जोल्दासखान को 4-1 से हराकर देश के लिए दिन का पांचवां पदक पक्का किया। इशान कटारिया ने दबदबा बनाते हुए ईरान के सईदयुसेफ मौसवी को हराया जब रैफरी ने उनका मुकाबला बीच में रोककर उन्हें विजेता घोषित किया। सोमवार को सात भारतीयों में से केवल सागर को पुरुषों के 55 किग्रा क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### भारत ने लगाई छलांग, निकला इंग्लैंड से आगे

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट में हराकर सीरीज को बराबरी पर छुड़ाने में कामयाबी हासिल कर ली है। आखिरी मैच में टीम इंडिया ने लाजवाब प्रदर्शन किया और आखिरकर मैच अपने नाम करने में सफलता हासिल की। इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में भी टीम इंडिया ने लंबी छलांग मारी है, वहीं इंग्लैंड की टीम को जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। अंक तालिका में भारत तीसरे नंबर पहुंचा है। अब इंग्लैंड को हराकर भारतीय टीम ने तीसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने अब तक 5 मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेले हैं, इसमें से दो मैच भारत ने जीते हैं और दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ है। भारत का पीसीटी अब बढ़कर सीधा 46.67 का हो गया है।

## कुश्ती विश्व चैंपियनशिप : अमन पदार्पण के लिए तैयार, सुजीत ने बनाई टीम में जगह

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) को विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में कोई खास चुनौती नहीं मिली तो वहीं सुजीत कलकल ने शानदार कौशल दिखाते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली।

क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा। इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह



हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आए। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी। सुजीत ने अनुज (10-0) और विशाल कालीरमन (8-4) के खिलाफ अपने मजबूत रक्षात्मक खेल से प्रभावित किया। वह मुश्किल स्थिति से जवाबी हमला करके अंक बटोरने में सफल रहे। बजरंग पुनिया के हटने के बाद 65 किग्रा में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन लचर रहा है लेकिन सुजीत ने इस प्रदर्शन से उम्मीदें जगा दी है।

## वेस्टइंडीज को हराकर पाक ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| लॉडरहिल (अमेरिका)

सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 13 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाए और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया । पाकिस्तान का पहला विकेट 17वें ओवर में गिरा जब फरहान 53 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हो गए ।

शामार जोसेफ की फुलटॉस गेंद पर लांग आफ में उन्होंने शाइ होप को कैच थमा दिया। अयूब 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर डटे रहे और 49 गेंद में 66 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज



ने पहले दो ओवर में बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। हसन अली ने पहले ओवर में 16 और मोहम्मद नवाज ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद हारिस रऊफ ने तीसरे ओवर में सिर्फ पांच रन दिए। उन्होंने पांचवें ओवर में ज्वेल एंड्रयू (24) को हसन अली के हाथों लपकवाया। एलिक अथानाजे ने 40 गेंद में 60 रन बनाए और होप (सात) के साथ 30 रन की साझेदारी की।

भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में भिड़ेगी आस्ट्रेलिया के खिलाफ

## आस्ट्रेलिया से 4 मैच खेलेगा भारत, हॉकी टीम का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का ऐलान किया है, जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है, जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी।



### टीम की कमान हरमनप्रीत के पास

टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे । डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है, जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

### तकनीकी पहलुओं पर फोकस

एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा।' टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा,' हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है ।' भारतीय टीम 8 अगस्त को बेंगलुरु से आस्ट्रेलिया रवाना होगी, जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है।

**टीम- गोलकीपर** : कृशन पाठक और सूरज करकेरा **डिफेंडर** : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित , जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी **मिडफील्डर** : राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह




# सुको का सवाल कहा- भगवान सबके हैं, आप क्यों चाहते हैं फंड आपकी पॉकेट में जाए?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन और उसके आस-पास के क्षेत्र के विकास पर निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का संकेत दिया है। सुनवाई मंगलवार की सुबह 10:30 तक के लिए स्थगित कर दी गई है। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर के प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार के अध्यादेश का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की है। कमेटी ने 15 मई को आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी विरोध किया है जिसमें राज्य सरकार को बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। शुरूआत में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने मंदिर कमेटी से तीखे सवाल किए। कोर्ट ने कहा, मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन देवता सबके हैं। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं।

- मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है सरकार
- आज मंगलवार को फिर होगी मामले की सुनवाई

## बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन रिटायर्ड जज को सौंपने का सुप्रीम कोर्ट ने दिया संकेत



### फंड का उपयोग मंदिर के लिए ही होगा

मंदिर का फंड श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े विकास में क्यों नहीं इस्तेमाल हो सकता? आप क्यों चाहते हैं कि सारा फंड आपके पॉकेट में ही जाए? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के कानून को हाई कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए। यूपी सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट नवीन पाहवाश पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सरकार यमुना तट से मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलें और मंदिर क्षेत्र को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर के फंड का उपयोग सिर्फ मंदिर से जुड़ी गतिविधियों में ही होगा। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मंदिर का पैसा आपकी जेब में क्यों जाए? सरकार इसका उपयोग मंदिर विकास के लिए क्यों नहीं कर सकती ।

**भगवान निजी नहीं हो सकते**

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि आप किसी धार्मिक स्थल को पूरी तरह निजी कैसे कह सकते हैं, वो भी तब जब वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं? प्रबंधन निजी हो सकता है, लेकिन कोई देवता निजी नहीं हो सकते। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मंदिर की आय सिर्फ प्रबंधन के लिए नहीं, बल्कि मंदिर और श्रद्धालुओं के विकास के लिए भी होनी चाहिए।

### प्रबंधन को लेकर दो गुटों में विवाद

याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है। उसमें धार्मिक गतिविधियों और मैनेजमेंट को लेकर 2 गुटों में विवाद था। राज्य सरकार ने बिना अधिकार उसमें दखल दिया। वह मामले को सुप्रीम कोर्ट ले आई और कॉरिडोर के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल का आदेश ले लिया। इसके बाद जल्दी-जल्दी एक अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि मंदिर की स्थापना करने वाले और सदियों से उसे संभाल रहे गोस्वामी प्रबंधन से बाहर हो गए।

निमिषा प्रिया केस में नया मोड़!

# महदी के भाई ने जज को लिखा पत्र जल्द से जल्द सजा देने की मांग



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के जिंदा बचने की उम्मीदें धुंधली होती दिख रही हैं। निमिषा को 16 जुलाई 2025 को ही फांसी दी जानी थी लेकिन भारत के एक मुस्लिम धर्मगुरु के हस्तक्षेप के बाद सजा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

निमिषा को जिस यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फांसी दी जानी है, अब उसके भाई अब्दुल फत्तेह अब्दो महदी ने 3 अगस्त को यमन के अटॉर्नी जनरल और जज अब्दुल सलाम अल-हूती के नाम एक पत्र लिखा और उसे सोशल मीडिया पर साझा किया है। मृतक के भाई ने पत्र में साफ लिखा है कि परिवार सुलह या मध्यस्थता के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। फांसी की सजा को लागू किया जाए और फांसी की नई तारीख तय की जाए। मौत की सजा से पीड़ित परिवार के अधिकारों की रक्षा होगी और न्याय मिलेगा। केरल की रहने वाली निमिषा प्रिया 2017 के एक मामले में फांसी की सजा का सामना कर रही हैं जिसमें उन्होंने गलती से महदी की हत्या कर दी थी।

## क्वाड के बिना भी चलेगा काम, ट्रंप को भी मिलेगा सबक

# साउथ चाइना सी में भारत का नया खेल, कर रहा बड़े समझौते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर चार दिन के दौरे पर भारत पहुंच गए हैं। वहीं, दूसरी ओर नेवी चीफ एडमिरल डीके त्रिपाठी जापान में थे। ये सिर्फ दो यात्राएं नहीं हैं। इंडो-पैसिफिक में एक नई पटकथा लिखी जा रही है, जिसमें भारत खुद नायक है न कि सिर्फ सहयोगी। यह बताता है कि भारत अब साउथ चाइना सी में डील करने जा रहा।

इस रणनीति से द्विपक्षीय संबंधों को प्राथमिकता मिलेगी और क्वाड के बिना भी काम चलेगा। चाहे फिलीपींस हो या जापान, भारत अब साउथ चाइना सी में अपना नया 'खेल' रच रहा है और ये चीन से कहीं ज्यादा ट्रंप जैसे नेताओं के लिए भी सबक है। जापान और भारत दोनों चीन की आक्रामकता रोकने के लिए एकसाथ खड़े हैं। भारत वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया के साथ भी डील कर रहा है।

**जापान और भारत दोनों चीन के वर्चस्व को रोकने साथ आए**

**फिलीपींस के साथ रक्षा संबंध मजबूत कर रहा भारत**

### फिलीपींस के राष्ट्रपति पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे



*फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर सोमवार को पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचें। जहां उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री डॉ. पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और फिलीपींस के बीच रक्षा और व्यापार संबंधों को मजबूत करना है। 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा है। उनके साथ प्रथम महिला लुईस अरनेटा मार्कोस और कैबिनेट मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों व व्यापारिक नेताओं का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है, जिससे इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। इस यात्रा से रणनीतिक और रक्षा सहयोग, खासकर समुद्री क्षेत्र में और मजबूत होने की उम्मीद है। बता दें, फिलीपींस भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली खरीदने वाला पहला विदेशी देश है।*

### जापान से अपने संबंध मजबूत कर रहा भारत

भारत इंडो पैसफिक और साउथ चाइना सी में स्वतंत्र आवाजाही की बात करता रहा है। इसलिए यहां के देशों से सीधे समझौता कर रहा है। नेवी चीफ एडमिरल डीके त्रिपाठी का जापान जाना हिंद प्रशांत क्षेत्र में सक्रिय रणनीति का संकेत है। जापान और भारत दोनों चीन की विस्तारवादी नीति से चिंतित हैं, खासकर ईस्ट चाइना सी और साउथ चाइना सी में चीन का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में दोनों देश नेवी कोऑपरेशन, ज्वाइंट एक्सरसाइज, मैरीटाइम कम्युनिकेशन शेयर करने पर विचार कर रहे हैं। यह चीन के लिए स्पष्ट संदेश है।

# पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादी पाकिस्तानी थे

**श्रीनगर(भाषा)।** सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों की राष्ट्रीयता का पता लगाने के लिए सबूत जुटाए हैं, जिनमें पाक सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों और बायोमेट्रिक डेटा सहित अन्य चीजें शामिल हैं। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे तीनों आतंकी पाकिस्तान के नागरिक थे। आतंकवादी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटी) के दुर्दांत आतंकवादियों के रूप में पहचाने गए ये तीनों आतंकी 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव के दौरान श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। वे पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद से दाचीगाम-हरवान वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे।

### ये सबूत एकत्र किए

एकत्र साक्ष्यों से पता चला कि इनमें कोई भी स्थानीय व्यक्ति नहीं था। सुरक्षा एजेंसियों ने पाक के राष्ट्रीय डाटाबेस और पंजीकरण प्राधिकरण (एनएडीआरए) के बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, मतदाता पहचान पर्चियां व डिजिटल सैटेलाइट फोन डेटा (कॉल लॉग व जीपीएस वेपॉइंट्स) जैसे पुख्ता सबूत एकत्र किए हैं, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे तीनों आतंकवादी पाकिस्तान के नागरिक थे।

- पहले आतंकी की पहचान सुलेमान शाह उर्फ फैजल जट्ट के रूप में हुई। वह ए++ श्रेणी का आतंकी था। पहलगाम हमले का मुख्य सरगना और मुख्य शूटर था।
- दूसरे हमलावर की पहचान अबू हमजा उर्फ 'अफगान' के रूप में हुई है।
- तीसरे की पहचान यासिर उर्फ 'जिबरान' के रूप में हुई। वह ए श्रेणी का कमांडर था।

### पाकिस्तानी आईडी मिली

सुरक्षाबलों ने हथियारों के साथ-साथ शाह और हमजा की जेबों से पाक सरकार द्वारा जारी दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जिसमें पाक निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दो मतदाता पर्चियां शामिल हैं। इन मतदाता पर्चियों की क्रमांक संख्या लाहौर (एनए-125) और गुंझरांवाला (एनए-79) की मतदाता सूची से मेल खाते हैं।

## नई दिल्ली पहुंचे फिलीपींस के राष्ट्रपति, आज मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक



**नई दिल्ली ( हरिभूमि ब्यूरो)।** दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में ड्रैगन की दिनोंदिन बढ़ती जा रही उग्रता के बीच सोमवार को फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर.मार्कोस जूनियर अपनी पांच दिवसीय (4 से 8 अगस्त तक) भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे। हवाईअड्डे पर आगमन के दौरान रेड कार्पेट वेलकम के साथ सैन्य बलों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जबकि विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने राष्ट्रपति मार्कोस का बेहद गर्मजोशी के साथ उनकी अगवानी की। मंगलवार को राजघाट पर गांधी जी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के साझा संबंधों, क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता को बनाए रखने के मामले पर चर्चा की जा सकती है।




# ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद रोधी सिद्धांत को किया नए सिरे से परिभाषित: द्विवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

- आईआईटी मद्रास में भारतीय सेना अनुसंधान प्रकोष्ठ 'अग्निशोध' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बोले सेनाप्रमुख।

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के परिसर में स्थापित किए गए सेना के अनुसंधान प्रकोष्ठ (आईएआरसी) 'अग्निशोध' का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया।

इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई यानी ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि कुल करीब 88 घंटे तक चले इस अभियान ने न केवल भारत के आतंकवाद के खिलाफ बने हुए सिद्धांत को नए सिरे से परिभाषित किया है। बल्कि इन 88 घंटों के भीतर ही पाकिस्तान को संघर्षविराम की मांग करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेनाप्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर को एक ऐतिहासिक, खुफिया कार्रवाई-संचालित प्रतिक्रिया बताया। साथ ही कहा ये पैमाने, सीमा, गहराई और रणनीतिक प्रभाव की दृष्टि से अभूतपूर्व अभियान था। जिसे डीआईएमई स्पेक्ट्रम में क्रियान्वित किया गया। जनरल द्विवेदी ने कहा कि देश की सशस्त्र सेनाएं बिना संपर्क युद्ध, रणनीतिक तालमेल और मनोवैज्ञानिक प्रभुत्व से प्रेरित पांचवीं पीढ़ी के संघर्षों के लिए तैयार हैं।

## संसद में आंतरिक सुरक्षा को लेकर हाई लेवल बैठक, शाह से मिले एनएसए डोभाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद भवन में सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को लेकर हाई लेवल बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) डायरेक्टर तपन कुमार डेका, गृह सचिव गोविंद मोहन मौजूद रहे। इससे पहले संसद भवन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के साथ बैठक की। दिल्ली में ये बैठकें जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के 6 साल पूरे होने से एक दिन पहले हुई हैं। मीटिंग्स में किन मुद्दों पर चर्चा हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सोर्स के अनुसार, देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई है।

- पीएम मोदी ने विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की

## सांसदों के लिए नया आवासीय परिसर तैयार, पीएम कर सकते हैं उद्घाटन

- होगा फ्लैट लेकिन टाइप-8 कोठियों से भी विशाल कारपेट एरिया

**नई दिल्ली ( हरिभूमि ब्यूरो)।** आवासीय कमी से जूझ रहे माननीयों को अब ठौर आसानी से मिल सकेगा। साथ ही भूमि की कमी से जूझ रही दिल्ली में माननीयों के लिए आवासीय इंतजाम करने को सीपीडब्लूडी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पडेगी। राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन में सांसदों के लिए बना नया आवासीय परिसर अब पूरी तरह तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने की संभावना है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर न केवल संसद सदस्यों के लिए आवास की चुनौती को कम करेगा, बल्कि पुरानी सरकारी कॉलोनियों की जगह एक नया, व्यवस्थित और सुरक्षित विकल्प भी प्रदान करेगा। नई आवासीय परियोजना दिल्ली के दिल स्थित बाबा खडक सिंह मार्ग, राममनोहर लोहिया अस्पताल के सामने आकार ले चुकी है। इसमें कुल 184 फ्लैट बनाए गए हैं। फ्लैट को पांच हजार स्केवयर फिट में तैयार कियाा गया है। जिसमें पांच सूइट के अलावा, स्टाफ के लिए दो रूम अलग से डिजाइन की गई है। कुल 25 फ्लोर्स के 4 टावर्स बनाये गये हैं। इस परिसर में तैयार किए गए फ्लैट्स को डुप्लेक्स और सिंगल-यूनिट के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें सांसदों की सुविधा और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

# लालकिले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिखेगी 'आत्मनिर्भर भारत' की झलक...

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर में बड़े पैमाने पर प्रयोग किए गए स्वदेशी हथियारों से पाकिस्तान को बुरी तरह से धूल चटाने के बाद अब देश की सत्ता से जुड़े सामरिक गलियारों (रक्षा मंत्रालय) में 15 अगस्त यानी जश्न-ए-आजादी की 79वीं वर्षगांठ को जोरशोर से मनाने की तैयारियों का युद्धस्तर पर आगाज हो चुका है। जिसमें स्वदेशी के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत झलक देखने को मिलेगी।

राष्ट्रीय ध्वज को दी जाने वाली 21 तोपों की परंपरागत सलामी के लिए देश में बनी 105 एमएम की लाइट फील्ड गन (एलएफजी) की प्रचंड गर्जना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समारोह के साक्षी बनने वाले हर खासो-आम के मन में राष्ट्रीयता की भावना तीव्र गति से हिलोरे मारने लगेगी। सूत्रों ने बताया कि सेना जल्द ही एलएफजी से दी जाने वाली इस सर्वोच्च सैन्य सलामी का अभ्यास शुरू करेगी। संभवतः समारोह के लिए 7 तोपों का प्रयोग किया जाएगा, तीन राउंड फायर होंगे व सलामी की कवायद 52 सेकंड में पूरी हो जाएगी।

समारोह स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज को दी जाने वाली 21 तोपों की सलामी का मुख्य आकर्षण होगी स्वदेशी लाइट फील्ड गन



**प्रधानमंत्री मोदी करेंगे समारोह की अध्यक्षता, लालकिले की प्राचीर से देशवासियों को करेंगे संबोधित**

### दो साल पहले बदली रिवायत

वर्ष 1947 में मिली आजादी के बाद लंबे अर्से तक देश के तमाम राष्ट्रीय पर्वों और कुछ अन्य आयोजनों में अंग्रेजों के शासनकाल की सैन्य सामग्री का इस्तेमाल ही चलन में रहा। लेकिन 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के गठन के बाद इसमें बड़े पैमाने पर बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी से जुड़ा हुआ है दो साल पहले 2023 में सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह में तिरंगे को दी जाने वाली राष्ट्रीय सलामी के लिए स्वदेशी लाइट फील्ड गन का प्रयोग करने का निर्णय। जबकि पहले इन दोनों महत्वपूर्ण समारोह में ब्रिटिश 25-पाउंडर तोप का ही इस्तेमाल किया जाता था। ये तोपें द्वितीय विश्व युद्ध और नॉरमैंडी जैसे युद्धों में प्रयोग की जा चुकी हैं।

### 17वीं शताब्दी से जुड़ा इतिहास

गौरतलब है कि 21 तोपों की सलामी को देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान माना जाता है। लेकिन इसकी शुरुआती जड़ें लगभग 16वीं-17वीं शताब्दी के उस कालखंड से जुड़ी हुई हैं। जब समुद्री नौसैनिक परंपरा के तहत एक पराजित युद्धपोत या जहाज को अपने गोला बारूद का इस्तेमाल खुद को असहाय व निहत्था बनाने के लिए करना पड़ता था। ये एक प्रकार से उसके द्वारा शत्रुतापूर्ण इरादे की कमी का साफ संकेत देता था। पूरी प्रक्रिया में युद्धपोत अपनी तोपों को बिना किसी नुकसान के तब तक समुद्र में दागकर अपनी शांतिपूर्ण मंशा को प्रदर्शित करता था। जब तक उसका गोला बारूद पूरी तरह से खत्म न हो जाए। सलामी प्रक्रिया में सात तोपों के इस्तेमाल का नियम था। जिसमें प्रत्येक जहाज केवल 7 गोले ही दागेगा। लेकिन समुद्र के किनारे पर तैनात किलों को पानी में तैर रही हर एक गोली के बदले 3 गोलियां दागनी पड़ती थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25